www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–269 । सागर, रविवार, 19 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

सलमान की हत्या के मामले ने पकड़ा तूल, पुलिस पर उठाए सवाल पृष्ठ 3

▪ काम ना काज के दुश्मन अनाज के
▪ थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते पृष्ठ 4

▪ टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुआ सर्वाधिक 78.49 प्रतिशत मतदान पृष्ठ 6

देर रात्रि तक मतदान सामग्री सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम में हुई जमा पृष्ठ 8

### अहमदाबाद पहुंच रहे देश-दुनिया के क्रिकेट प्रशंसक

# विश्वकप का फाइनल आज

### रेलवे दिल्ली-मुंबई से स्पेशल ट्रेन चलाएगा



**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार दोपहर 2 बजे से भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। मैच देखने के लिए देश-दुनिया के प्रशंसक अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। अहमदाबाद और करीबी शहरों के फाइव, थ्री स्टार और अन्य होटलों के रूम की मांग आसमान छू रही है। रविवार रात के लिए टॉप 5-स्टार होटलों के रूम का किराया 3 लाख रुपए तक पहुंच गया है। रेलवे ने दिल्ली और मुंबई से अहमदाबाद तक के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है।

### सौ से ज्यादा विमान उतरेंगे

शनिवार और रविवार को 100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरने का अनुमान है। अहमदाबाद हवाई अड्डे की कैपेसिटी 30-40 चार्टर्ड प्लेन की पार्किंग की है। ऐसे में कई प्लेन गांधीनगर और वडोदरा में पार्क होंगे। वहीं, वीवीआईपी के चार्टर्ड प्लेन को सूरत, राजकोट और वडोदरा में भी पार्किंग की सुविधा दी गई है।

### मैच से पहले होगा एयरशो

मैच से पहले एयरफोर्स का एयरशो होगा। भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक टीम सूर्यकिरण ने शुक्रवार और शनिवार को इसकी रिहर्सल की। मैच से पहले यह शो करीब 10 मिनट तक चलेगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले इस हाईवोल्टेज मैच को देखने हजारों की संख्या में लोग अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। क्रिकेट फैन्स की सहूलियत के लिए भारतीय रेलवे ने शनिवार को दिल्ली से अहमदाबाद के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। रेलवे ने शनिवार को बताया कि मैच के बाद ट्रेन देर रात 2:30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। ऐसी ही तीन ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद के बीच भी चलाई जा रही हैं। रेलवे के अलावा एयरलाइंस कंपनियों ने भी अहमदाबाद के लिए अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की है। आमतौर पर शनिवार को मुंबई और अहमदाबाद के बीच रोजाना 15 से 20 उड़ानें होती हैं। मैच के चलते उड़ानों की संख्या 25 तक जा पहुंची है।

### प्रधानमंत्री मोदी भी रहेंगे मौजूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीफ इस मैच में चीफ गेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के अलावा गृहमंत्री अमित शाह और 8 राज्यों के मुख्यमंत्री समेत 100 वीवीआईपी भी स्टेडियम पहुंचेंगे। सेलेब्रिटीज और बॉलीवुड सितारों के अलावा दिग्गज कारोबारी भी मौजूद रहेंगे। इनमें मुकेश अंबानी, लक्ष्मी मित्तल, गौतम अडाणी, जिंदल ग्रुप जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

### रोहित ने गेंदबाजों की जमकर तारीफ की

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि गेंदबाजों ने अब तक शानदार काम किया है। हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को 300 के अंदर रोक कर बहुत अच्छा काम किया है। स्पिनर्स ने भी अब तक अच्छा काम किया है। वहीं, दूसरे हाफ में हमने लक्ष्य का बचाव किया है। शमी सिराज बुमराह को पता है कि उन्हें क्या करना है। स्पिनर्स को पता था कि मिडिल के ओवर में उन्हें विकेट चटकाना है। तो अब तक सबने अपने रोल को बखूबी निभाया है।

### रोहित-विराट के लिए खास प्लान: कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को आउट करने के लिए उनके पास खास प्लान है। हालांकि, उन्होंने यह बात स्वीकार की कि उन्हें शमी से बचकर रहना होगा। कमिंस ने कहा पिच काफी अच्छी लग रही है, टूर्नामेंट में पहले भी इसका इस्तेमाल किया जा चुका है। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।

## बिहार में जहरीली शराब पीने से 6 की मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के तीन गांवों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान सोलोमन टोला गांव के विक्रम कुमार और राम बाबू, नरहर गांव के रौशन कुमार और संतोष महतो तथा बाजपट्टी थाने के नरहर कलां गांव के महेश यादव और अवधेश यादव के रूप में हुई है। जिला एसपी मनोज तिवारी ने कहा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। हमने लापरवाही के लिए एक पुलिस कर्मी और एक चौकीदार को निलंबित कर दिया है।

## अभिनेत्री विजयाशांति तेलंगाना में बनी कांग्रेस की मुख्य संयोजक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने हाल में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर पार्टी में लौटी पूर्व लोकसभा सदस्य और प्रसिद्ध अभिनेत्री विजयाशांति को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मुख्य समन्वयक और प्रचार समिति का संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्रीमती विजयाशांति के नेतृत्व वाली समन्वय समिति में 15 अन्य वरिष्ठ नेताओं को सदस्य नियुक्त किया है।

# उत्तरकाशी टनल में 5 जगहों से बचाव अभियान



▪ टनल में 7 दिन से फंसे हुए हैं 41 मजदूर
▪ मशीन ले जाने के लिए सड़क बननी शुरू

**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल का 60 मीटर का हिस्सा धंस गया। इसमें 41 मजदूर फंस गए। संभव है कि अंदर और भी मजदूर फंसे हों।

प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने शनिवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विशेषज्ञों ने एकमत होकर राय जताई है कि हम एकसाथ पांच योजनाओं पर काम करें। जिस तरफ से पहले लोगों तक पहुंच सकेंगे, उन्हें बचाया जाएगा। इस काम में मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे पास टनल के अंदर जाने के लिए ज्यादा जगहें नहीं हैं, क्योंकि ज्यादातर टनल स्टील से कवर्ड हो चुकी है। जिस जगह से ड्रिलिंग होनी है, उसे चिह्नित कर लिया गया है। बीआरओ ने पहाड़ के ऊपर मशीन ले जाने के लिए सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है।

शनिवार को परिजनों ने बताया कि अब टनल में फंसे लोगों की आवाज कमजोर पड़ रही है। बात करते समय उन्हें सुनना मुश्किल हो रहा है। अंदर फंसे टनल कर्मचारी गब्बर सिंह के भाई आकाश सिंह का कहना था कि हमारा देश डिजिटल हो गया है। एक तरफ चंद्रयान मिशन लॉन्च किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ हमारे लोगों को फंसे एक हफ्ता हो गया है। 41 लोगों की जरूरत का खाना अंदर भेजना भी संभव नहीं है, इसलिए फंसे हुए लोगों की तबीयत खराब होने की नई चुनौती सामने आ सकती है।

### आधुनिक तकनीक की ले रहे मदद : धामी

**देहरादून, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू पर पल पल अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ श्रमिकों के बचाव के लिए चल रहे रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। सुरंग में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए देश और दुनिया में ईजाद की गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है।

# डीपफेक का मामला : सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को चेताया

### सरकार बुलाएगी जल्द बैठक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** डीपफेक के बढ़ते मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिंता जताने के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय हरकत में आ गया है। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी गई है कि अगर वे डीपफेक को रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाते हैं तो सेफ हार्बर इम्यूनिटी क्लॉज के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा, जिसका वे फिलहाल लाभ उठा रहे हैं।

केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी व दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी किया था। उन्हें ऐसी सामग्री पर कार्रवाई करने के लिए और अधिक आक्रामक होना होगा। उन्होंने कहाकि यद्यपि कंपनियां कुछ कदम उठा रही हैं,लेकिन उन्हें लगता है कि यह नाकाफी है अभी और कई कदम उठाने होंगे।



वे जल्द ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक करके यह सुनिश्चत करेंगे कि प्लेटफॉर्म डीपफेक को रोकने और सिस्टम को साफ करने के लिए पर्याप्त प्रयास करें। हालांकि उन्होंने इसकी कोई आधिकारिक तिथि नहीं बताई,लेकिन माना जा रहा है कि यह बैठक अगले सप्ताह हों सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक में मेटा और गूगल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म को बुलाया जाएगा तो इस उनकी प्रतिक्रिया सकारात्मक रहीं और कहाकि डीपफेक लिए जिस किसी भी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होता है,सरकार सभी के साथ बैठक करेगी। प्रधानमंत्री ने आगाह किया था कि आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस द्वारा बनाए गए डीपफेक बडे संकट का कारण बन सकते हैं और समाज में असंतोष पैदा का सकते हैं। उन्होंने मीडिया से इसके दुरुपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शिक्षित करने का आग्रह किया था।

## चक्रवाती तूफान 'मिधिली' कमजोर पड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' शनिवार को कमजोर होकर उत्तरी त्रिपुरा और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने आगे कहा कि मिधिली के उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ने और अगले छह घंटों के दौरान कम चिह्नित होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में मिजोरम और त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की भी भविष्यवाणी की है।

आईएमडी ने कहा, शनिवार और 20 नवंबर के दौरान तमिलनाडु और केरल में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की भी संभावना है, जबकि 21 नवंबर के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में और 22 नवंबर को तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि 18 से 22 नवंबर के दौरान इन उपरोक्त क्षेत्रों में छिटपुट गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इसने यह भी अनुमान लगाया कि शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की उम्मीद है। आईएमडी ने घने कोहरे की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि शनिवार, रविवार के दौरान पूर्वी और दक्षिणी असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

## कांग्रेस ने केसीआर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जी निरंजन ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समक्ष मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निरंजन ने सीईसी को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केसीआर ने शुक्रवार को वारंगल जिले के परकाला में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं जिसमें उन्होंने कांग्रेस को 'धोखेबाजी पार्टी' करार दिया था। पत्र की एक प्रति मीडिया को भी जारी की गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस विश्व स्तर पर सबसे पुरानी पार्टी है, जिसने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया कि मुख्यमंत्री के रूप में राव ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।

### लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी

# चर्चा के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक

• **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**


**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में निजी विधेयक सदस्य पेश तो कर देते हैं, लेकिन उस पर चर्चा कम ही होती है। आंकड़े बताते हैं कि अभी भी इस निचले सदन में 713 निजी विधेयक लंबित पड़े हैं। यह जानकारी लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई। इनमें से कई विधेयक दंड प्रावधानों और चुनावी कानूनों में बदलाव से जुड़े हैं। इसमें से कई विधेयक मौजूदा लोकसभा के गठन के बाद जून 2019 में पेश किए गए थे। वहीं कुछ विधेयक इसी साल अगस्त में हुए मानसून सत्र के दौरान भी पेश किए गए।

मालूम हो कि निजी वे विधेयक वे होते हैं,जो सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि सांसद अपनी निजी हैसियत से पेश करते हैं। ये विधेयक समान नागरिक संहिता लाने, लैंगिक समानता,जलवायु परिवर्तन, कृषि, मौजूदा आपराधिक तथा चुनावी कानूनों में संशोधन और संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि एक बार जब किसी निजी विधेयक पर बहस समाप्त हो जाती है तो संबंधित मंत्री उसमें हस्तक्षेप करते हुए सरकार का पक्ष और मत रखते हैं और संबंधित सदस्य से विधेयक वापस लेने का अनुरोध भी करते हैं।

### 4 दिसम्बर से शुरू होगा शीतकालीन सत्र

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के अगले ही दिन 4 दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा।

चुनाव नतीजों से ही तय होगा कि लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में से कौन ज्यादा आक्रामक रुख अपनाता है। विपक्ष जिन मुद्दों को उछाल सकता है, उनमें जातीय जनगणना की मांग सबसे प्रमुख है। केंद्रीय एजेंसियों की कथित एकतरफा कार्रवाइयों के खिलाफ 'इंडिया' गठबंधन एकजुट है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस सत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भी बहस छेड़ना चाहेगी। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को नहीं सौंपी है।



# सरकारी चावल की बे-खौफ हो रही खरीदी, खाद्य विभाग बेखबर

**बीना, देशबन्धु।** शहर सहित खिमलासा क्षेत्र में राशन माफिया बे-खौफ होकर सरकारी चावल की खरीदी कर तस्करी कर रहे और खाद्य विभाग बेखबर बना हुआ है। अवैध गल्ला व्यापारी सरकारी चावल, सरकारी गेहूं राशन दुकानदारों और गरीबों से औने पौने दामों पर खरीदी कर तस्करी बिना रोकटोक के लंबे समय से करते चले आ रहे हैं। इतना ही नहीं इन गल्ला दुकानदारों के पास थोक तो ठीक फुटकर खरीदी का भी लाइसेंस नही है। इसके बावजूद भी कई टन गल्ले की खरीदी कर रहे हैं। इसके अलावा तोल काटे में गड़बड़ी कर औने पौने दामों पर खरीदी कर लाखो के बारे न्यारे कर रहे हैं और इन्हें देखने बाला कोई नही है। खिमलासा क्षेत्र में ही एक दर्जन अवैध गल्ला व्यापारी ऐसे है जो बे-खौफ से सरकारी चावल और गेहूं की खरीदी कर रहे हैं। इन्हे सेंसियल कमोडिटी एक्ट के तहत होने वाली कार्रवाई का कोई भय नहीं है। इनके गोदाम में सरकारी चावल और गेहूं का बड़ी मात्रा में स्टॉक देखा जा सकता है। सरकारी चावल, सरकारी गेहूं की तस्करी से जुड़े गल्ला व्यापारी लाभार्थियों और राशन दुकान संचालकों से चावल खरीदते हैं। हफ्ते भर में जब चावल इकट्ठा हो जाता है तो उसे बड़े दुकानदारों को बेच दिया जाता है। लगता है कि तस्करी के इस खेल में विभागीय कर्मचारियों का भी संरक्षण मिला हुआ है।



### कितने में बेचते हैं चावल

अब सवाल यह है कि ये लोग चावल कितने में बेचते हैं दरअसल, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लाभार्थियों के लिए गेहूं, चावल की व्यवस्था की गई है राशन माफिया द्वारा महज 12-15 रुपये किलो में इस चावल को खरीदते हैं। जिसे वो 25-30 रुपये किलो की दर पर बड़े माफियाओं को बेच देते हैं। सरकारी चावल और गेंहूं की तस्करी के इस खेल में बड़े-बड़े माफिया सक्रिय हैं। हालांकि इस रैकेट को तोड़ने के लिए प्रशासन ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके चलते राशन माफिया का रैकेट इतना ज्यादा फैल चुका है जिसे रोक पाना बहुत अब बहुत कठिन है।

### कहां सप्लाई किया जाता है चावल और गेंहू

बताया गया है राशन माफिया द्वारा पीडीएस के गेंहू और चावल की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है। क्षेत्र से खरीदा गए सरकारी गेहूं, चावल सप्लाई उत्तर प्रदेश तक की जा रही है।

> खाद्य विभाग द्वारा चुनाव के बाद शीघ्र ही सरकारी गेहूं, चावल की खरीदी करने वालो पर छापेमार कार्यवाही की जाएगी। जांच उपरांत इनके खिलाफकार्रवाई की जाएगी।
>
> -सार्थक तिवारी
> कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, खुरई

# पिच्छी परिवर्तन समारोह आज



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मुनिश्री विरंजन सागर का पिच्छी परिवर्तन समारोह आज नगर भवन से होगा एवं 20 नवंबर को शांति बिहार कालोनी की ओर विहार होगा। मुनिश्री के संघ में एक मुनिराज, दो माताजी कुल 4 साधु है, मुनिश्री के संघ की विशेष बात यह है की संघ में जहां 70 वर्ष से अधिक के एक साधु है। वहीं गृहस्थ जीवन की मातेश्वरी को भी आठ साल पहले इसी पथ पर लेकर आए जो आर्यिका सुशीलामाता जी के नाम से विराजित है, शाहगढ़ में करीब 50 साल पहले बहू बनकर आई थीं लेकिन अब वह आर्यिका श्री साधना मति माता जी के नाम से अपने साधना करके कल्याण मार्ग पर अग्रसर है।

## पीछी में 5 विशेष गुण होते हैं: मुनिश्री



मुनिश्री विरंजन सागर ने बताया कि पीछी के 5 गुण होते हैं धूल ग्रहण नही करना, कोमलता, लधुता, पसीना नही करना, सुकुमार झुकने वाली होती हैं, पीछी जिन मुद्रा और करुणा की प्रतीक हैं भूमि के मार्जन सफाई करने पर लघु जीवो की विरादना नहीं होती। पीछी के बिना अहिंसा महाव्रत का, आदान निक्षेपण समिति नहीं पल सकती हैं, प्रति लेखन शुद्धि के लिए पिच्छिका अनिवार्य है। मयूर पंख की पीछी देने से श्रावक को पुण्य की प्राप्ति होती है, दिगम्बर साधुओं की पहचान मयूर पीछी कमंडल से होती है दीपावली के बाद कार्तिक कृष्णा अमावस्या के पूर्व चतुर्दशी को भारत के समस्त दिगंबर साधु उपवास करते हैं तथा अमावस्या को चातुर्मास कलश का निष्ठापन क्रिया समस्त साधु करते हैं इसके बाद समाज की अनुकूलता अनुसार पीछी परिवर्तन किया जाता है। चातुर्मास निष्ठापन के बाद अनिवार्य रूप से पीछी बदली जाती हैं अनेक नगरों में पीछी की बोली लगती हैं अथवा चातुर्मास में विशेष सहयोग देने वाले परिवारों या त्याग संयम व्रत नियम अनुसार भी दी जाती हैं।

# जेसीबी मशीन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी




**बीना, देशबन्धु।** स्टेशन रोड़ स्थित शिव मंदिर के पास उस समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब एक अनियंत्रित होकर जेसीबी मशीन डिवाइडर पर चढ़ गई और लोग बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार बीना के सर्वोदय चौराहे से स्टेशन तरफ जा रही एक जेसीबी मशीन अनियंत्रित होकर स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर के पास डिवाइडर पर चढ़ गई। नगर के स्टेशन रोड़ पर सबसे ज्यादा वाहनों की आवाजाही रहती है, लेकिन घटना के समय रोड़ पर ज्यादा आवाजाही न होने के कारण लोग बाल बाल बच गए। जेसीबी मशीन अनियंत्रित कैसे हुई इसका कारण अभी अज्ञात है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## निः शुल्क शतरंज प्रशिक्षण आज

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण 19 नवम्बर रविवार सुबह 10 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन सागर में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 10 से 12 नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जाएगा और प्रशिक्षण नेहा राजपूत पूर्व इनर व्हील अध्यक्ष सागर के मुख्य अतिथ्य में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चों की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षों में सागर के छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

# रहली विधानसभा में बवाल, गाड़ियों में तोड़फोड़, कांग्रेस प्रत्याशी का आरोप हम लोगों को मारने आए थे



**सागर, देशबन्धु।** रहली विधानसभा के गढ़ाकोटा में शनिवार शाम बवाल हो गया। गुंजोरा चौराहे के पास चुनावी रंजिश के चलते युवाओं ने जमकर उत्पात मचाया। गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी, हंगामे की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और भीड़ को खदेड़ा। घटनाक्रम में दो से तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चुनावी रंजिश के चलते शनिवार शाम गढ़ाकोटा के गुंजोरा चौराहे के पास दो गुट आमने-सामने हो गए। दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। दो और चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ की गई। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही गढ़ाकोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में करने की कोशिश की। इसी बीच सागर से एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को खदेड़ा, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि गढ़ाकोटा में दो गुटों के बीच विवाद हुआ था, स्थिति नियंत्रण में हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनका इलाज चल रहा है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। विवाद के कारणों के संबंध में पूछताछ जारी है। घटनास्थल पर किसी भी पार्टी का प्रत्याशी नहीं मिला है। घटनाक्रम को लेकर रहली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। जिसमें वह कह रही हैं कि हम लोग गढ़ाकोटा में खड़े हैं। यहां गोपाल भार्गव के गुंडे हम लोगों को मारने आए हैं, लट्ठ चला रहे हैं, गालियां दे रहे हैं। घर में घुसने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी गाड़ियां फेड़ दी गई है। हमारी कोई नहीं सुन रहा है। हमारी जान को खतरा हो सकता है। इधर, घटनाक्रम को लेकर रहली विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गोपाल भार्गव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुझे जानकारी प्राप्त हुई है कि गढ़ाकोटा में दो पक्षों में किसी पुराने विषय पर विवाद हुआ है। आसामाजिक तत्वों द्वारा राजनीतिक और सामाजिक स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। मेरी आप सभी क्षेत्रवासियों से अपील है कि हम सभी को इसी विधानसभा क्षेत्र में जीवन भर रहना है और हम कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे कि सामाजिक द्वेष या कटुता पैदा हो। चुनाव तो हफ्ते दो हफ्ते बाद संपन्न हो जाएंगे, लेकिन क्षेत्र के सभी लोगों को जीवन भर एक-दूसरे के साथ यहीं रहना है। अत: किसी भड़काने वाली कार्यवाही का हिस्सा ना बनें। सभी लोग प्रेम पूर्वक पूर्वानुसार रहें, जो भी विवाद की घटना हुई है, उस पर पुलिस एवं प्रशासन समुचित कार्यवाही कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से नगर में उच्च तकनीक के सीसीटीवी कैमरे प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैं जो सभी घटनाओं को रिकॉर्ड कर रहे हैं।

## लोडेड कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** बंडा थाना की बरा चौकी पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध हथियार के साथ बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोडेड कट्टा लेकर सड़क पर जा रहा था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर मोबाइल को मुखबिर से सूचना मिली कि टेटवारा का राजेंद्र यादव अवैध कट्टा कारतूत लिए हिनौता की ओर से जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। टीम ने हिनौता घटिया से टेटवारे की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग लगाई। टेटवारा की ओर जाने वालों का इंतजार किया तभी राजेंद्र यादव पुत्र गुटई यादव उम्र 24 साल निवासी टेटवारा बाइक से तिगैला के पास पहुंचा। वह बाइक से उतरकर पैदल टेटवारा के लिए जाने लगा, इसी दौरान घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया, तलाशी लेने पर आरोपी राजेंद्र के पास से 12 बोर का लोडेड कट्टा जब्त हुआ। पुलिस ने मामले में कट्टा और कारतूस जब्त किया और आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां आरोपी राजेंद्र के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

# भारत, दुनिया का सशक्त प्रजातंत्र है, इसकी रक्षा, हम नागरिकों का अहम दायित्व है: केके सिलाकारी

**सागर, देशबन्धु।** सागर की साहित्यिक गतिविधियों के मध्य एक ऐतिहासिक स्मरणीय प्रयासों की चर्चा भी बन जाएगी कि सागर ने 1505 वीं गोष्ठी निर्वाध गति से निरंतर क्रम में संपन्न हो गई। संगोष्ठी का संचालन करते हुए डॉ. नलिन जैन ने अवगत कराया कि प्रति शनिवार दिन के 2.30 बजे से प्रारंभ होने वाली यह गोष्ठी 3 हफ्ते बाद अपनी 29 वर्ष की यात्रा संपन्न करेगी। गोष्ठी एड. केके सिलाकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सागर के कवि डॉ. नलिन जैन के द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से संगोष्ठी की शुरुआत हुई। गोष्ठी के अध्यक्ष एड. केके सिलाकारी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा संस्था की प्रत्येक संगोष्ठी, अपनी समाज हितकारी रचनाओं का प्रतिनिधित्व करती है। इस हेतु समस्त साहित्य कार बधाई के पात्र हैं। अभी हाल के निर्वाचन में मतदान का उच्च प्रतिशत हमारे लोकतंत्र की मजबूती दर्शाता है। देश के लोकतंत्र की रक्षा हम नागरिकों का अहम उत्तर दायित्व है। संयोजक बेलिहाज चौबे ने स्वागत भाषण में साहित्यकारों को प्रेषित करते हुए कहा कि अच्छा पढिए, अच्छा लिखिये तथा चरित्र भी अच्छा रखिये। झांसी की रानी पर काव्य पाठ करते हुए कहा रानी झांसी के संघर्ष की बड़ी है अनोखी संघर्ष गाथा। झांसी की सिरमौर मराठों की थी उन्नत गाथा। अकेली लड़ती रही लडाई, झांसी की, लगा अपनी पूरी शक्ति, झांसी को साधा। गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु पवई से रघुवीर तिवारी योगी, निवाडी से राम निवास तिवारी आशुकवि, पृथ्वीपुर से वीरेंद्र त्रिपाठी एवं प्रेम घनघोरिया, रीवा से डॉ. बारेलाल जैन एवं डॉ. जिनेश जैन संघर्षी, बड़ामलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी एवं संजय तिवारी, दमोह से डॉ. रघुनंदन चिले एवं विमला तिवारी, सागर से डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक, मणीदेव ठाकुर, अबरार अहमद, पूरन सिंह राजपूत, डॉ. नलिन जैन ने भी काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों ने कवियों का उत्साह वर्धन किया और गोष्ठी के संयोजक मणीकांत चौबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गौर दिवस पर होगा श्यामलम के लोक सम्मान पर्व का वार्षिक आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** श्यामलम् द्वारा लोक सम्मान पर्व के अष्टम वार्षिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विशिष्ट जनों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर बुंदेली गायक कवि देवीसिंह राजपूत के प्रथम काव्य संग्रह बुंदेली बागेश्वरी का विमोचन भी संपन्न होगा। श्यामलम अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र और सचिव कपिल बैसाखिया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सागर सपूत डॉ. हरीसिंह गौर के जन्मदिन गौर दिवस पर रवींद्र भवन सभागार सागर में दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाले इस गरिमामय कार्यक्रम के सारस्वत वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेश आचार्य व मुख्य अतिथि बुंदेलखंड छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर के प्रो. बहादुर सिंह परमार होंगे। अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अजय तिवारी करेंगे तथा सुप्रसिद्ध बुंदेली गायक शिव रतन यादव एवं आईएमए सागर के पूर्व अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. मनीष झा विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

# रेलकर्मी से मारपीट के विरोध में दिया पुलिस को ज्ञापन

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन के टिकट बुकिंग कार्यालय में पदस्थ सीनियर बुकिंग क्लर्क प्रशांत शर्मा के साथ चार अज्ञात युवकों में नाला मोहल्ला ग्वालबाबा मंदिर के पास बीती रात करीब 10 बजे उस वक्त मारपीट की, जब वे नयायार्ड से ड्यूटी पर रेलवे स्टेशन आ रहे थे। घटना के विरोध में कर्मचारी नेता आज एफआईआर कराने की मांग लेकर टीआई को ज्ञापन दिया। उल्लेखनीय है कि ग्वाल बाबा मंदिर के पास चार लड़कों ने बीती रात उन्हें रोककर जमकर उनके साथ मारपीट की। श्री शर्मा ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत जीआरपी इटारसी में लिखित आवेदन देकर की है। कर्मचारी नेता प्रीतम तिवारी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है। रेलकर्मी से मारपीट और जान से मारने की धमकी के खिलाफ आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के सदस्यों ने सिटी पुलिस को ज्ञापन देकर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष आरके यादव, सर्व ब्राह्मण समाज के मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र ओझा, मनोज रैकवार, जावेद खान, प्रदीप मालवीय, उमेश निगम, अनुभव पाल, नरेश पाठक, संदीप यादव सोनू, मोनू, तोशिव, नितिन, नीलेश, मोहित, संदीप दुबे, धनपाल चौरे, दीपक शर्मा, प्रीतम तिवारी, महेश लिंगायत और यूनियन के सभी पदाधिकारी सदस्य इस मौके पर मौजूद रहे।



## अनियंत्रित होकर बस सड़क से नीचे उतरी, कुछ यात्रियों को मामूली चोट

**इटारसी, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे पर आज दोपहर एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गयी। दुर्घटना में कुछ बस यात्रियों को मामूली चोट आयी हैं। घटना का कारण पता नहीं चला है। घटना हाइवे ग्लोरी ढाबा के पास की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार निजी कंपनी की बस क्रमांक एमपी 05, पी-0474 केसला ब्लॉक के ग्राम छीतापुरा से नर्मदापुरम जा रही थी। बस सड़क से नीचे उतरकर रुक गयी।

## नवग्रह दुर्गा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव आज

इटारसी, देशबन्धु। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लक्कड़गंज समिति के तत्वावधान में रविवार 19 नवंबर को हर वर्ष की तरह अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# नगर पालिका को दूसरी बार मिला प्रतिष्ठित सिल्वर स्कॉच अवार्ड




**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद इटारसी को प्रतिष्ठित सिल्वर स्कॉच अवार्ड मिला है। आज नयी दिल्ली में इटारसी नगर पालिका के प्रतिनिधि के तौर पर स्वच्छता विभाग से जुड़े कमलकांत बड़गोती और जगदीश पटेल ने यह अवार्ड ग्रहण किया। चुनाव में ड्यूटी लगी होने से यहां से कोई अधिकारी नयी दिल्ली नहीं जा सका। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका को नवाचार के लिए सन् 2018 में भी यह पुरस्कार मिल चुका है। इस वर्ष यह पुरस्कार प्लास्टिक अवशिष्ट प्रबंधन के लिए दिया गया है। नगर पालिका द्वारा जिलवानी में प्लास्टिक से बैंच, मेज, कुर्सी, टाइल्स सहित अन्य वस्तुएं बनायी जा रही हैं। नगर पालिका इटारसी को इसके लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। 18 नवंबर को अवार्ड की तारीख थी। आज स्कॉच के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक कोचर और समीर कोचर ने इटारसी नगर पालिका को यह अवार्ड प्रदान किया।

बता दें कि 2003 में स्थापित, 'स्कॉच पुरस्कार' उन लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों को सम्मानित करता है, जो भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। 'स्कॉच पुरस्कार' स्कॉच समूह द्वारा डिजिटल, वित्तीय और सामाजिक समावेशन में सर्वोत्तम प्रयासों के लिए दिया जाता है।

# गुरुनानक देव का प्रकाशोत्सव 27 को मनाया जाएगा

- नगर कीर्तन का आयोजन 25 नवंबर को होगा
- 1 नवंबर से प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभातफेरी

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री गुरुनानक देव जी का 554 वॉ प्रकाशोत्सव 27 नवंबर को गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा द्वारा मनाया जाएगा। इस दौरान 25 नवंबर से गुरुद्वारा में कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। गुरुनानक जयंती पर दोपहर में लंगर होगा। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह ने बताया श्री गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। 25 नवंबर को सुबह 9:30 बजे से श्री अखंड पाठ साहब से जयंती समारोह प्रारंभ होगा। विगत 1 नवंबर से प्रतिदिन प्रभातफेरी चल रही है जो 24 नवंबर तक चलेगी।

नगर कीर्तन 25 नवंबर को दोपहर 2 बजे से गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा इटारसी से प्रारंभ होगा जो सराफा बाजार, भारत टाकीज रोड, स्टेट बैंक चौराह, सिंधी कालोनी रोड, सूरजगंज, बिन्द्रा गली से होकर मालवीयगंज, पंजाबी मोहल्ला, चामुंडा चौराह, रेस्ट हाउस से होकर वापस गुरुद्वारा में समापन होगा। नगर कीर्तन में समाज की महिलाएं सफेद वस्त्र व केसरी दुपट्टा में तथा पुरुष केसरी पगड़ी धारण करेंगे। नगर कीर्तन के बाद गुरुद्वारा में लंगर होगा।




श्री छाबड़ा ने बताया कि 26 नवंबर को बच्चों को विशेष कीर्तन दीवान शाम 6:45 बजे से 8:30 बजे तक, कीर्तन भाई गगनदीप सिंह बटाला वालों के रात 8:30 से 10 बजे, कीर्तन स्त्री सत्संग रात्रि 10 बजे से 10:30 बजे, संपूर्ण समाप्ति रात 10:45 बजे होगी। 27 नवंबर को सुबह 9:30 बजे संपूर्ण भाग श्री अखंड पाठ, 9:30 से 10:45 बजे तक गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा कीर्तन, 10:45 से 11 बजे तक भाई जोगा सिंह, 11 से 11:45 बजे तक भाई अजीत सिंघ और 11:45 से दोपहर 1:30 बजे तक भाई गगनदीप सिंघ द्वारा कीर्तन होंगे। दोपहर 12:30 बजे गुरु का लंगर होगा। शाम 6:45 बजे पाठ साहिब श्री ररिरास साहिब, 7:45 से 8:15 बजे तक भाई जोगा सिंघ, 8:15 से 9 बजे तक भाई अजीत सिंघ, 9 से 10:45 बजे तक भाई गगनदीप सिंघ, 10:45 से 11:15 बजे तक कीर्तन स्त्री सत्संग, 11:45 से रात 12 बजे तक भाई अजीत सिंघ के कीर्तन होंगे और 12:30 बजे संपूर्ण समाप्ति होगी।

# सलमान की हत्या के मामले ने पकड़ा तूल, पुलिस पर उठाए सवाल

◆ आरोपी शीघ्र पकड़ें, पीड़ित परिवार के सदस्य को दी जाये नौकरी : दिग्विजय

**छतरपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को कांग्रेस पार्षद सलमान खान की हत्या से पीडित परिवार से मिलने खजुराहो पहुंचे। उन्होंने पीडित परिवार के प्रति संवेदना जताकर पुलिस अधीक्षक अमित सांधी से इस मामले के सभी आरोपियों को शीध्र पकडने और वारदात में प्रयुक्त कार को जब्त करने को कहा है।

मतदान के पूर्व राजनगर विधानसभा क्षेत्र में खजुराहो के पास कांग्रेस विधायक और प्रत्याशी विक्रम सिंह के समर्थक पार्षद सलमान खान की कार से रौदकर हत्या के मामले ने तूल पकड लिया है। शनिवार को कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह खजुराहो पहुंचे। उन्होने पूर्व विधायक विक्रम सिंह से मुलाकात की। इसके बाद मंजूर नगर कॉलोनी स्थित मृतक सलमान खान के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करके पीडित परिवार के आंसू पौंछे। इस दौरान पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिन पर हत्या की एफआईआर दर्ज हुई हैए उनको अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गयाघ् कोई और होता तो अब तक मकान गिरा दिए जाते। मैं पीड़ित परिवार के साथ कल भी थाए आज भी हूं और आगे भी रहूंगा। इसमें सबसे पहले गिरफ्तारी की जाए और पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी दी जाए। मैं मृतक के परिवार को गोद लूंगा। उन्होंने कहा कि कोई और होता तो उसके मकान गिरा दिये जाते। इस दौरान छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी और महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खजुराहो आने से ये मामला अब तूल पकडने लगा है। पुलिस अधीक्षक अमित सांधी का कहना है कि इस प्रकरण में विधायक विक्रम सिंह की रिपोर्ट के आधार पर भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया सहित 30 आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओ में आपराधिक प्रकरण कायम कर लिय है। पुलिस इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करेंगी।



## इन पर किया गया मामला दर्ज

विधायक विक्रम सिंह की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस एफआईआर के मुताबिक 20 नामजद और 15 अज्ञात जिन लोगों पर मामला दर्ज हुआ है। उनमें भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरियाए नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू अवस्थी, गौरव उर्फ विक्की बघेल, राधे बाबा, शैलेन्द्र यादव, अभिषेक अवस्थी, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र अवस्थी, संजय मिश्रा, संदीप अग्रवाल, लोकपाल सिंहए मुकेश पाण्डेयए रजत अग्रवाल, नईम कुंजारा, अलखराम दुबे, भैयाजी दुबे, आशुतोष मिश्रा, प्रहलाद अवस्थी, यश डेंगा, कपिल सोनी, दिनेश अग्रिहोत्री सहित 15 अज्ञात व्यक्तियों पर धारा 302, 307, 147, 149, 294, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आखिर क्या है पूरा मामला

छतरपुर जिले में खूनी संघर्ष के साथ चुनाव खत्म हुआ है। पूर्व विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे मोबाइल पर समर्थक ने बताया भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया अपने समर्थकों के साथ कई कारों से चन्द्रनगर टौरिया इलाके में वोटरों को पैसा बांट रहे हैं। तब मैं अपने समर्थकों के साथ रनेह फॉल बैरियर से टौरिया की तरफ जाने लगा। रनेह फॉल बैरियर से कुछ दूर रास्ते में रूक गयाए तभी सामने से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया 10.15 गाड़ियों का काफिला लेकर आ रहे थे। हमें देखकर रूक गए। वे लोग गाली.गलौच कर झगड़ा करने लगे। अरविंद गालियां देते हुए अपनी गाड़ी में बैठकर बोले इन लोगों पर गाड़ी चढ़ा दो। उनके कहने पर उनके चालक विक्की बघेल सहित अन्य लोगों ने बहुत तेजी से जान.बूझकर जान से मारने की नियत से हम लोगों पर गाड़ियां चढाने का प्रयास किया। इस दौरान सड़क पर खड़े हमारे समर्थक सलमान खान तनय हारून खान पर एक गाड़ी चढ़ गई। इससे सलमान खान की मौत हो गई।

## सार समाचार

### सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में गंदगी

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था चैपट हो जाने से परिसर सहित सिविल सर्जन कार्यालय गंदगी से सराबोर है। कोविड आईसीयू और आई वार्ड के सामने कीचड़ है। पोस्टमार्टम गृह कचरे की चपेट में होने से रैन बसेरा में ठहरना मुश्किल हो गया है।

जिला अस्पताल परिसर में सफाई के लिये इंदौर की संस्था के माध्यम से 48 सफाई कर्मचारी, 5 सुपरवाइजर सहित 53 कर्मचारियों को आउटसोर्स के माध्यम से लगाया गया है। इसके बाद भी सिविल सर्जन कार्यालय और कोविड आईसीयू वार्ड के सामने कीचड़ के साथ गंदगी जमा है और दुर्गंध देने लगी है। पोस्टमार्टम गृह के चारों ओर गंदे पानी के साथ कचरा फैला है। जिससे रैन बसेरा में रुकने वाले लोगों और मृतकों को परिजनों को पोस्टमार्टम कराने में परेशानी हो रही है। इस बात की जानकारी होने के बाद भी जिला अस्पताल प्रबंधन इन स्थानों पर मौजूद गंदगी को देख नहीं पा रहा है। जबकि सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारी प्रतिदिन सिविल सर्जन कार्यालय आते जाते हैं।

### हाई टेंशन लाइन से करंट का खतरा

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से 100 किमी दूर स्थित बकस्वाहा के करीब पौड़ी गांव के पास मुख्य रोड पर सड़क से महज 14 फीट की ऊंचाई पर से बिजली के हाइटेंशन तार निकले है। इससे बड़े वाहनों को यहां से गुजरने के दौरान बिजली के तारों से करंट लगने का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने बताया कि अकसर बारिश के मौसम में इस हाइटेंशन लाइन के नीचे से गुजरने के दौरान कभी.कभी करंट के खतरनाक झटके लोगों को लगते हैं।बाइक सवार जब यहां से निकलते हैं और अगर उनके शरीर को अर्थिंग मिल गई तो करंट का खतरनाक झटका महसूस होता है। इससे बाइक सावर अनियंत्रित हो कर कई बार गिर जाते हैं। जिन लोगों को इसके बारे में जानकारी है। वह तो किसी तरह सावधानी से निकल जाते हैं। मगर जिसे जानकारी नहीं है वह करंट के चपेट में आ जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं क कई बार इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैए लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। अनजाने में कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

### जिले में 1587 बूथों पर दिखवाई दीं महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें

# लाडली बहनों ने भरपूर मतदान कर बढाई भाजपा की उम्मीदें

✷ संजय सक्सेना



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के सभी बूथो पर इस बार महिलाओं की लंबी-लंबी कतारे लगी रहीं। दोपहर से देर शाम तक बडी संख्या में महिलाओं ने मतदान करके जो चोंकाने वाले आंकडे दिये हैं उनसे जहां भाजपा की उम्मीदों को पंख लग गये हैं वहीं विरोध दलों को चिंता मे डाल दिया है।

इस बार जिले में 1487 बूथों में से 69 आदर्श मतदान केन्द्र और 168 महिला मतदान सहित सभी बूथों पर देर शाम तक मतदान कराया गया। अंत में मतदान का प्रतिशत 72.48 तक पहुंच गया। इसमें सबसे चैंकाने वाली बात ये रही कि जितनी बडी संख्या में इस बार महिलायें घरों में कामकाज निबटाकर मतदान के लिय बूथों तक पहुंची ऐसा पहले कभी देखने में नहीं आया। महिलायें मतदान करने में पुरूषों से ज्यादा पीछे नहीं रहीं। बूथों पर महिलाओं की लंबी लंबी कतारें लगी रही जिसे देखकर भाजपा के विरोधी दलों के नेता भी ये कहने से खुद को नहीं रोक सके कि इस बार लाडली बहनें नया रिकार्ड बनायेंगीं। अंत में ये हुआ भी, मतदान में पुरूषों की तुलना में महिलाये केवल कुछ प्रतिशत ही कम रही है। इससे उम्मीदवारों की हारजीत का गणित बिगड गया है। मतदान में ज्यादा संख्या में महिला मतदाताओं की सक्रियता देखकर भाजपा की उम्मीदों को नये पंख लग गये हैं। जबकि उसके विरोधी दलों को चिंता और चिंतन करने पर मजबूर कर दिया है। फिर भी सबके अपने अपने नजरिये और तर्क हैं। जीत के प्रति आश्वस्त छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव का कहना है कि लाडली बहनों सहित पूरी मातृ शक्ति ने भरपूर मतदान करके मोदी जी के हाथ मजबूत करने के संकेत दे दिये हैं। वहीं कांग्रेस उम्मीदवारों का तर्क है कि महिलाओं के लिये कांग्रेस के घोषणापत्र में जो वादे किये गये हैं महिलाओं ने उनसे सहमत होकर मतदान में अनूठा उत्साह दिखाया है।

**आंकडों ने किया आश्चर्यचकित :** जिले में 72.48 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां महिलाओं ने मतदान का नया ग्राफ बनाकर राजनैतिक विश्लेषको को भी आश्चर्य मे डाल दिया है। विधानसभावार मतदान में महिला और पुरूषों के प्रतिशत पर नजर डालें तो महाराजपुर विधानसभा में कुल 72.68 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। जिसमें 73.93 पुरूष और 71ण्28 महिला मतदाताओं ने वोट डाले हैं। चंदला विधानसभा में में कुल 67.72 प्रतिशत मतदान में पुरूष 68.25 एवं 67. 1 महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। विधानसभा राजनगर में कुल 70.36 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें पुरूष 71.5 एवं महिला मतदाता 69.7 रही हैं। छतरपुर विधानसभा में कुल 73.33 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। जिसमें पुरूष 74.71 एवं महिला 71.8 रही हैं। बिजावर विधानसभा में कुल 72.4 प्रतिशत मतदान मैं 73.9 पुरूष और 70.69 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने वोट डाले है। इसी तरह मलहरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 72.53 प्रतिशत रिकार्ड हुआ है। जिसमें पुरूष 74.15 एवं 70.69 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया है। ये आंकडे बता रहे हैं कि महिलायें भी मतदाइन करने में इस बार पुरूषों से ज्यादा पीछे नहीं रही हैं।

**भाजपा की योजनाओं ने दिखाया असर :** मतदान में महिला मतदाताओं की अधिक सक्रियता को देखकर विरोध दलों के कई नेता भी दबी जुबान में ये कहते सुने गये कि इस बार भाजपा की महिलाओं के हितों को संवारने वाली कई योजनाओं का असर मतदान में नजर आया है। लाडली लक्ष्मी, कन्यादान, गांव की बेटी योजना, तीन तलाक के खिलाफ कानून और सबसे असरदार लाडली बहना योजना ने महिलाओं के मन में भाजपा के प्रति विश्वास इतना बढा दिया कि महिलाओं ने हर बार की तुलना में इस बार अधिक संख्या में मतदान किया है। कई महिलाओं को नवजात शिशु को गोद में लेकर और गंभीर बीमार कई महिलाओं को हाथ में ड्रिप लगाकर मतदान करने के लिये महिलाओं की कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते देखा गया। बडी संख्या में श्रमिक महिलायें मतदान करने के लिये महानगरों से वापस अपने घर लौटी हैं। युवा महिला मतदाता भी बैंगलुरू, पुणे, हैदराबाद और मुंबई से छतरपुर आकर मतदान का हिस्सा बनीं हैं।

# गली-गली में बिक रहा बोतल बंद मिलावटी पेट्रोल-डीजल

◆ विक्रेता अपने घर में ही कर रहे असुरक्षित की स्टोरेज, अनहोनी का खतरा बढ़ा

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में वैध पेट्रोल पंप के अलावा कई छोटी बड़ी दुकानों पर अवैध तरीके से मिलावटी पेट्रोल और डीजल बेचा जा रहा है। बोतल में भरकर पेट्रोल दुकानों के सामने लटका देते हैं। वाहन चालक बाहर पेट्रोल की बोतल लटकी देखकर भरवाने पहुंच जाते हैं।

पेट्रोल के इस अवैध कारोबार पर प्रशासन आज तक ध्यान नहीं दे स्का है। जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। इसकी जानकारी मिलने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। शहर में किराने से लेकर ऑटो पार्ट्स की दुकानों, गुमटियों पर पेट्रोल खुलेआम बिक रहा है। इन दुकानदारों द्वारा पेट्रोल पंपों से पेट्रोल की खरीददारी कर उन्हें छोटे-छोटे बोतलों में भर कर रखा जाता है। मुनाफा अधिक कमाने के लिए पेट्रोल में मिलावट भी किया जाता है। रास्ते में अचानक पेट्रोल खत्म हो जाने की मजबूरी में बाइक सवारों को इन दुकानदारों से पेट्रोल खरीदने की मजबूरी का बखूबी फायदा उठा पेट्रोल के इन खुदरा विक्रेताओं के द्वारा अधिक मूल्य लेकर भी मिलावटी पेट्रोल दिया जाता है। जिससे वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान के साथ ही बाइक के इंजन खराब होने का खतरा भी मोल लेना पड़ रहा है।

शहर के पुलिस लाइन पंप के सामने, सटई रोड में मंदिर के पास, पन्ना रोड स्टेशन के पास, पठापुर रोड में आधा दर्जन दुकानों में, देरी रोड़ की आधा दर्जन से अधिक दुकानों में, महोबा रोड आरटीओ कार्यालय में पास सहित हर गांव व चौक चौराहों पर पेट्रोल की अवैध ढंग से बिक्री की जा रही है। सड़क किनारे बोतलों में बिक रहे पेट्रोल जैसे ज्वलनशील पदार्थ का रख रखाव भी उचित नहीं है। इस बिक्री को होते देख प्रशासन के अधिकारी भी आंख मूंद लेते हैं। जिससे बाइक सवारों को आर्थिक नुकसान के साथ ही पेट्रोल के स्टोरेज से आगजनी की घटना के होने का खतरा भी बना रहता है। प्रशासन की उदासीनता से मानकों के विपरीत हो रही पेट्रोल की बिक्री पर लगाम नहीं लग पा रहा है।

### मनमाने दामों में किया जा रहा विक्रय

बोतल बैंद पेट्रोल डीजल को अवैध तरीके से 130 से 150 रुपए लीटर तक बेचा जा रहा है। जबकि पंप पर पेट्रोल 110 और डीजल 95 रुपये में आसानी से मिलता है। बाहर से आने जाने वाले लोगों को पेट्रोल पंप की जानकारी न होने के कारण मजबूरी में इन दुकानदारों से महंगे दाम पर पेट्रोल खरीदना पड़ता है।

### कालाबाज़ारी से धंधेबाजों को फायदा

यूपी से एमपी में शराब तस्करी तो आम बात हो गई है लेकिन अब डीजल और पेट्रोल की तस्करी भी बेरोजगारी के दौर में अच्छा कारोबार बन गया है। इस काम से कम लागत में बेहतर मुनाफा हो रहा है। डीजल व पेट्रोल के ब्लैक कारोबारी बताते है कि हमारे यहां से महोबा जिले का क्षेत्र काफी नजदीक पड़ता है। वहां पर पेट्रोल में 10 से 14 रुपए प्रति लीटर कम दाम में मिलता है। ऐसे में दुकानदार भारी मात्रा में यूपी क्षेत्र के पंपों से पेट्रोल लाते हैं और अपने घरों में भंडार कर बोतलों में बेचते हैं। इस काम में उन्हें अच्छा मुनाफा हो जाता है। यहां सवाल है कि आखिर प्रशासन उन पर इतना मेहबान क्यों है।

## किसानों की बड़ी चिंता अब भेड़े बनी परेशानी



**नौगाँव-छतरपुर, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा हेतु रातो खेत पर जागकर रखवाली करनी पड़ती है जिससे अपनी फसल बचा पाते है क्योंकि अन्ना जानवर और नील गाय क्षेत्र में भारी तादाद में लावारिस घूमते है जो मौका पाते ही किसानों के खेतों में नुकसान कर देते है फसलों को खा जाते है करोड़ो रूपये की लागत से बनी गौ शालाये केवल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई कोई भी इस ओर ध्यान नही देता शासन प्रशाशन और सरपंच सब मिली भगत से गौ शालाओ के नाम पर केवल पैसा खा रहे है समस्या जस की तस है यही हाल हमारे हाइवे रोडो पर है सैकड़ो अन्ना जानवर खड़े बैठे मिलेंगे जो प्रतिदिन किसी ना किसी हादसे का कारण बनते है पर सरकार और जुम्मेदार के कानों पर कभी जू तक नही रेंगती। अब देखे दूर दराज राज्यो से नौगाँव के ग्रामीण क्षेत्रो में हजारो की संख्या में भेड़ें लेकर बाहरी लोग पहुंच चुके है जो मौका मिलते ही किसानों की फसलों का नुकसान पहुंचाते है और आगे बढ़ते जायेगे इस ओर शासन प्रशासन मौन रहता है और किसान इन सभी दिक्कतों से जूझता रहता है सरकार के नुमाइन्दे अभी बोट मांगने जरूर आये पर किसानों की परेशानी उन्हें दिखाई नही दी सब रामभरोसे ही चलता है।

## रामगली बजरिया में अतिक्रमण से लोगों का चलना मुश्किल

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में यूँ तो पूरे बाजार अतिक्रमण पसरा हैं मगर गांधी चौक के पास रामगली बजरिया में अतिक्रमण के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। इस ओर से नगर पालिका प्रशासन उदासीन बना है।

यहां वैसे तो 8 फुट की सडक के दौनों ओर दुकाने हैं मगर दुकानदार अपनी दुकानों के आगे दो से तीन फीट सडक पर अतिक्रमण करके दुकानें सजा लेते हैं। जिससे रास्ता सिकुडकर केवल 3 फिट का बचता है उस पर भी दुकानदार अपने वाहन टिका लेते हैं। ऐसे में यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। यहां खासतौर से दिन में बडी संख्या में महिलायें खरीददारी के लिये आती हैं उन्हें बडी परेशानी का सामना करना पडता है। यहां से अतिक्रमण हटाने के बारे में प्रशासन आज तक कोई कदम नहीं उठा सका है।

यहां के व्यापारी भी ये मानते हैं कि रामगली बजरिया में बडे पैमाने पर अतिक्रमण है मगर जब उनसे दुकानों के आगे से अपना सामान हटाने को कहा जाता है तो वे तैयार होने के बजाय एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर इस बारे में कुछ भी करने को तैयार नहीं होते हैं। यहां बता दें कि कई साल पहले सिटी कोतवाली पुलिस ने यहां अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की थी तब पूरी सडक अतिक्रमण से मुक्त करा दी गई थी। बाद में इसका फालोअप सही तरीके से नहीं होने के कारण दोबारा अतिक्रमण करके सडकों को संकरा कर दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में रामनगर गांव का 41 वर्षीय व्यक्ति देर शाम सडक दुर्घटना में बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत अधिक गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुरुवार की देर शाम रामपुर गांव का अरविंद पिता रतीराम राठौर अपनी बाइक पर सवार होकर गांव की ओर जा रहा था। इस दौरान वह सडक हादसे का शिकार होकर बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे सिरए पैर और सीने में अधिक चोट आने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात घायल की हालत बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके परिजन को सौंप दिया है। मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है।

## 14 साल से फरार ठोकिया गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** एसपी अमित सांघी ने बताया कि थाना किशनगढ़ के फरार ठोकिया गैंग के सदस्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

एसपी ने बताया की 28/10/09 को फरियादी महेन्द्र पिता खेमचंद्र गुप्ता उम्र 50 साल निवासी किशनगढ़ ने रिपोर्ट की ।जिसमें कहा कि रात्रि करीब 1 बजे गिरोह के दस बारह आदमी बंदूक लेकर आए और बोले कि ट्रेक्टर से मडियादो तक छोड़ दो और मेरा हाथ पकड़ लिया। उनसे हाथ छुड़ाकर भागा और खेतो में छुप गया। उन्होंने ट्रेक्टर के टायर में गोली मार कर उसमें आग लगा दी और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में विवेचना में पता चला कि अंतरराज्यीय गिरोह के 7 आरोपी जो जिला बांदा, जिला दमोह,जिला छतरपुर के निवासी थे। बाद में सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। किन्तु एक आरोपी उम्र 42 साल निवासी देवेन्द्रनगर मुहल्ला नरैनी जिला बांदा उ.प्र. फरार था । उस आरोपी ने अपने गिरोह के साथ 18/11/09 को बिकास कुमार पिता रामसूरत जायसवाल उम्र 26 साल निवासी-बीट गार्ड नरौली थाना किशनगढ़ को मारा पीटा। इस अंतरराज्यीय गिरोह के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। किन्तु आरोपी उम्र 42 साल निवासी देवेन्द्रनगर मुहल्ला नरैनी जिला बांदा उ.प्र. का लगातार फरार चल रहा था। एसपी ने बताया कि उक्त दोनो प्रकरणों में 14 बर्ष से फरार इनामी आरोपी स्थाई बारन्टी उम्र 59 साल निवासी देवेन्द्र नगर मुहल्ला नरैनी जिला बांदा उ.प्र. (ठोकिया डकैत गिरोह का सदस्य) को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## युवक ने युवक को बल्ला से पीटा ग्वालियर रिफर

नौगांव, देशबन्धु। चुनाव सम्पन्न होने के बाद वीरेन्द्र कॉलौनी में रात करीब 9 बजे एक युवक ने अपने ही घर आने जाने वाले युवक को बल्ला से इतना पीटा की उसे प्राथमिक उपचार के बाद गवालियर रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेमचन्द्र सेन पिता कालीचरण उम्र 30 साल निवासी वीरेन्द्र कॉलौनी के यहां उसका दोस्त ब्रजेन्द्र अनुरागी उम्र 26 साल उसके यहां आता जाता रहता था। बीते रोज उसको जानकारी लगी कि वह बुरी नीयत से घर आता है जिसको लेकर वह गुस्से में आ गया और उसने बल्ला उठाकर उसको पीट दिया। बताया जा रहा है कि उसके सिर में 36 टांके आये जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गवालियर रिफर कर दिया पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 307,294,506, एससी/ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुये मामले की जांच शुरू कर दी और आरोपी की तलाश में जुट गयी।

# महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका निर्णायक साबित होगी



***नौगांव, देशबन्धु।*** *जातियों से ऊपर धर्म से हटकर एक ऐसा वोट बैंक भी है। जो निर्णायक रहता है। और किसी को भी सत्ता में ला सकता है। ये वोट बैंक है। उन महिलाओं का जिनका समाज में तो पूरा योगदान है। ही पिछले कुछ सालों में राजनीति में भी असर देखने को मिल रहा है। छतरपुर जिले की महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं की निर्णायक भूमिका साबित होगी।*

*चुनाव के दौरान महिलाओं को साइलेंट वोटर और युवाओं को वाइब्रेट वोटर कहा जाता था। जिन्होंने जाति धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर मतदान किया। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार व जनसंपर्क के दौरान अपने-अपने प्रत्याशियों के लिये महिलायें मेहनत करती नजर आ रही थी। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी की महिला नेताये नजर नहीं आयी। जबकि सपा और भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिये महिलायें जनसंपर्क कर रही थी।*

*महिलाओं की अहमियत को भाजपा की सरकार नगर निकाय चुनाव में ही समझ गई थी। और विधानसभा चुनाव से पहले ही महिलाओं के लिये लाडली बहना योजनाये शुरू कर दी गई थी। देखने वाली बात यह है । कि शिवराज की मामा वाली छवि का फायदा मिलता है या नहीं।*

*वहीं कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में कोई भी बड़ी महिला नेता जनसंपर्क में नहीं रही और ना हि जिला कांग्रेस ने रुचि ली बस घोषणा पत्र के माध्यम से महिला वोटरों को लुभाने की गई कोशिश की गई।*

*भाजपा के बाद सपा प्रत्याशी के लिये महिलायें घर-घर गांव गांव जनसंपर्क कर रही थी। महत्वपूर्ण बात यह रही कि कांग्रेस के पास उन्ही की भाषा में संवाद करने के लिये। उनके पास न कोई चेहरा दिखा ना कोई नारा।*

*बरहाल सबसे सुखद घटनाओं में से एक महिला मतदाताओं ने बड़ी संख्या में घरों से निकलकर मतदान किया। वहीं फर्सट टाइम वोटरों ने भी बढ़ चढ़कर मतदान किया।*

*शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी बूथों पर लगी। लाइनें में महिलाओं की संख्या ज्यादा देखने को मिली। कुल मिलाकर महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनावी परिणाम में महिलायें निर्णायक साबित होगी।*

# थोड़ी दूर और

■ वृंदावनलाल वर्मा

कहानी

जब महमूद गजनवी (सन 1025-26 में) सोमनाथ का मंदिर नष्ट-भ्रष्ट करके लौटा तब उसे कच्छ से होकर जाना पड़ा। गुजरात का राजा भीमदेव उसका पीछा किए चल रहा था। ज्यों-ज्यों करके महमूद गजनवी कच्छ के पार हुआ। वह सिंध होकर मुल्तान से गजनी जाना चाहता था। लूट के सामान के साथ फौज की यात्रा भारी पड़ रही थी। भीमदेव व अन्य राजपूत उस पर टूट पड़ने के लिए इधर-उधर से सिमट रहे थे। महमूद इनसे बच निकलने के लिए कूच पर कूच करता चला गया। अंत में लगभग छह सहस्त्र राजपूतों से उसकी मुठभेड़ हो ही गई।

महमूद की सेना राजपूतों की उस टुकड़ी से संख्या में कई गुनी बड़ी थी। विजय का उल्लास महमूद की सेना में, मार्ग की बाधाओं के होते हुए भी, लहरें मार रहा था। उधर राजपूत जय की आशा से नहीं, मारने और मरने की निष्ठा से जा भिड़े थे।

उन छह सहस्त्र राजपूतों में से कदाचित ही कोई बचा हो। परंतु अपने कम-से-कम दुगुने शत्रुओं को मारकर वे मरे थे।

इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

आतुरता के साथ दो-तीन दिन चलते-चलते यकायक उसने देखा तो सामने सिवाय बालू एवं रेतीले टीलों के और कुछ नहीं। मार्ग का नाम-निशान तक नहीं।

ऊँटों पर लदा पीने का पानी कम होने लगा। दूर-पास पानी की एक बूँद भी अप्राप्य। राजपूतों के संकट से पार हुए तो रेगिस्तान का यह प्राणघातिन विभीषिका चारों ओर।

वहाँ रेतीले टीलों के पीछे के छाग (बकरा) की खालों में पानी पीठ पर कसे दो ग्रामीण उसकी छावनी में आए। अधनंगे, बिलकुल फटेहाल। उनके पास पानी देखकर महमूद के सिपाहियों को ढाँढ़स मिला।

उनसे पूछा, 'कौन हो? कहाँ के हो?'

उत्तर मिला, 'हिंदू हैं। एक गाँव के रहनेवाले'

'पानी कहाँ से लाए?'

'आगे जरा दूर से।'

'कहाँ है पानी? कितनी दूर?'

'सुल्तान को बतलावेंगे।'

'चलो उनके पास। इनाम मिलेगा।' सिपाही उन दोनों को महमूद के पास ले गए। महमूद ने इनाम का वचन दिया। वे दोनों महमूद की सेना के मार्ग-प्रदर्शक बने। सेना उनके पीछे-पीछे चलने लगी।

कई दिन हो गए। न तो किसी के पदचिह्न वहाँ और न पानी का कोई पता। प्रचंड आँधी बालू के ढेर उठाती, उड़ाती और फिर कहीं जमा देती।

महमूद ने खिसियाकर दोनों मार्ग-प्रदर्शकों को अपने पास बुलवाया।

'कहाँ है पानी? और कितनी दूर?'

'थोड़ी दूर।'

'यह कैसी थोड़ी दूर! रोज यही कह देते हो!'

'बस, बिलकुल थोड़ी सी दूर।'

संध्या हो गई। महमूद ने टीलों में अपनी सेना का पड़ाव डाल दिया। ऊँटों पर पानी थोड़ा सा ही और रह गया था। एकाध दिन यह 'थोड़ी दूर' और चली कि सेना के पशु और मानव - दोनों का ढेर इन टीलों में हो जाएगा।

महमूद के एक नायक ने समाधान किया - 'इन गँवारों को फासले की जानकारी बिलकुल नहीं। एक गाँव से दूसरे गाँव के बीच की दूरी को कह देते हैं - वह रहा गाँव थोड़ी दूर। होता है वह गाँव कई कोस के फासले पर।'

'उन दोनों की मसकों में कितना पानी रह गया है?' महमूद ने पूछा।

'एक दिन के पीने लायक, बस।'

'तब तो कल के बाद पानी के पास पहुँच जावेंगे। ये लोग यों ही अपनी जान नहीं देंगे। इनाम पाने की भी उम्मीद है इन्हें। वैसे हैं दोनों कोड़े खाने के हकदार।'

दूसरे दिन भोर के पहले ही महमूद ने कूच कर दिया। दिन भर चले। साँझ हो गई। पानी का फिर भी कहीं कोई लक्षण नहीं।

> इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

फिर वही 'थोड़ी दूर'। महमूद क्रोध से भर गया। उसके ऊँटों पर पानी बहुत थोड़ा सा रह गया था। 'ज्यों ज्यों करके रात काटी, फिर प्रात:काल के पहले ही कूच करना पड़ा; क्योंकि मार्ग-प्रदर्शकों ने आश्वासन दिया था कि दिन में अवश्य अभाव की समाप्ति हो जावेगी।

तीसरा पहर लग गया। सूर्य की किरणों से आग सी बरस रही थी। प्रचंड आँधी और जलती हुई किरणें आसपास मृगजल तो दिखला रही थीं, पर प्यास बुझानेवाला जल कहीं भी नहीं। रेत के टील इतने अधिक दिखलाई पड़ने लगे कि ठिकाना नहीं। सेना को चलना दु:सह हो गया। महमूद ने निश्चय किया। दोनों पथ-प्रदर्शकों को बुलवाया।

'अब कितनी दूर है पानी?'

'बस थोड़ी सी ही दूर।'

'महमूद की आँखों से लौ-सी छूट पड़ी।'

'तुम्हारे पास कितना पानी है?'

'चुक गया।'

'कितनी देर में पानी के पास पहुँचोगे?'

'आ गए समझो।'

'कहाँ?'

'इन्हीं टीलों में।'

'इन टीलों में!'

उन दोनों के क्षीण मलीन चेहरों पर मुसकान की छोटी सी लहर आई।

'हाँ, इन्हीं टीलों में।'

महमूद का क्रोध और भी भभका।

'यहाँ तो कुछ भी नहीं है! ये टीले तो पानी के कब्रिस्तान जान पड़ते हैं। सच बतलाओ, नहीं तो अभी सिर कटवाकर फिंकवा दूँगा।'

उन दोनों के चेहरों पर मुसकान की जगह आभा छहर गई। घुसी हुई आँखों में तेज आ बैठा।

'सच यह है कि पानी के इस कब्रिस्तान में हमें तुम सबका कब्रिस्तान बनाना है।'

'क्या?'


'बिलकुल यही है। तुम हमारे देश का नाश करने आए हो। हम तुम्हें मिटाकर रहेंगे।'

'अभी मार दो इन दोनों को!' महमूद तड़पा।

'मार दो। हमने अपने देश को जिंदा रहने का मार्ग दिखलाया। मरने से हमें जो कुछ मिलेगा, वह तुम सोच ही नहीं सकते।'

मरने के समय उन दोनों के चेहरों पर आभा सदा के लिए आ बैठी।

महमूद चला गया। अनेक कठिनाइयों के उपरांत उसे मुल्तान का मार्ग मिल गया था। और उन दोनों ने जो मार्ग दिखलाया, उससे इतिहास धन्य हो गया।



# छठ पूजा
## हमारी आस्था



■ कमलेश झा

जब विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता की स्त्रियां अपने सम्पूर्ण वैभव के साथ सज-धज कर अपने आँचल में फल और पकवान ले कर निकलती हैं तो लगता है जैसे संस्कृति स्वयं समय को चुनौती देती हुई कह रही हो, देखो! तुम्हारे असँख्य झंझावातों को सहन करने के बाद भी हमारा वैभव कम नहीं हुआ है, हम हम भारत हैं हम आर्यावर्त के धरोहर हैं। हम तबसे हैं जब से तुम हो, और जब तक तुम रहोगे तब तक हमारा अस्तित्व भी रहेगा।

जब घुटने भर जल में खड़ी व्रती की सिपुलि में बालक सूर्य की किरणें उतरती हैं तो लगता है जैसे स्वयं सूर्य भगवान बालक बन कर उसकी गोद में खेलने उतरे हों। स्त्री का सबसे भव्य, सबसे वैभवशाली स्वरूप मातृत्व का है। इस धरा को भारत माता कहने वाले बुजुर्ग के मन में स्त्री का यही स्वरूप रहा होता है। कभी ध्यान से देखिएगा छठ के दिन जल में खड़े हो कर सूर्य देव को अर्घ दे रही किसी स्त्री को, देखकर आपके मन में मोह नहीं श्रद्धा उपजेगी।

छठ वह प्राचीन पर्व है जिसमें राजा और रंक एक घाट पर शीश नवाते हैं, एक देवता को अर्घ देते हैं, और एक बराबर आशीर्वाद पाते हैं। धन और पद का लोभ मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है, पर धर्म उन्हें साथ जोड़ता है।


अपने धर्म और परंपरा के साथ होने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि आप अपने समस्त पुरुखों के आशीर्वाद की छाया में होते हैं। छठ के दिन नाक से माथे तक सिंदूर लगा कर घाट पर बैठी स्त्री अपनी हजारों पीढ़ी की परंपरा की वाहक ही नहीं होती है, बल्कि वह उन्ही का स्वरूप होती है। उसके आंचल में केवल फल नहीं होते, समूची प्रकृति समाई होती है। वह एक सामान्य स्त्री सी नहीं, अन्नपूर्णा सी देवी दिखाई देती है। ध्यान से देखिये! आपको उनमें कौशल्या दिखेंगी, उनमें सीता दिखेगी, उनमें अनुसुइया दिखेगी, सावित्री दिखेगी... उनमें पद्मावती दिखेगी, उनमें लक्ष्मीबाई दिखेगी, उनमें भारत माता को छवि दिखेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके आँचल में बंध कर ही यह सभ्यता अगले हजारों वर्षों का सफर करने में समर्थ होगी ।

छठ डूबते सूर्य की आराधना का पर्व है। डूबता सूर्य इतिहास होता है, और कोई भी सभ्यता तभी दीर्घजीवी होती है जब वह अपने इतिहास को पूजे। अपने इतिहास के समस्त योद्धाओं को पूजे और इतिहास की गलती को न दुहराए।

छठ उगते सूर्य की आराधना का पर्व है। उगता सूर्य भविष्य होता है, और किसी भी सभ्यता के यशश्वी होने के लिए आवश्यक है कि वह अपने भविष्य को पूजा जैसी श्रद्धा और निष्ठा से सँवारे... हमारी आज की पीढ़ी को सदैव इसका स्मरण रहे अगली जिम्मेदारी उनकी है ... यही छठ व्रत का मूल भाव है।

मैं खुश होता हूँ घाट जाती स्त्रियों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उनके लिए राह बुहारते पुरुषों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उत्साह से भरे बच्चों को देख कर... सच पूछिए तो यह मेरी खुशी नहीं, मेरी मिट्टी, मेरे देश, मेरी सभ्यता की खुशी है।

मेरे देश की माताओं! कल और परसों जब आदित्य देव आपकी बंश सूप में उतरें, तो उनसे कहिएगा कि इस देश, इस संस्कृति और समाज पर अपनी कृपा बनाये रखें, ताकि हजारों वर्ष बाद भी हमारी पुत्रवधुएँ यूँ ही सज-धज कर गंगा के जल में खड़ी हों और कहें- उगह्य हो सुरुज देव..........



## प्रेग्नेंसी

■ प्रभा दीक्षित

दस साल तक साथ-साथ को लिविंग में रहने के बाद एक दिन प्रियंका ने अनूप से कहा कि ''मैं तुम्हारे बच्चे की मां बनने वाली हूं।'' उसने कहा-''डार्लिंग तुम्हें तो खुश होना चाहिये कि तुम बाप बनने वाले हो।'' यह बात उसने अनूप के चेहरे पर उभर आई कालिख को देखकर कहां।

उसने फिर इठलाते हुये कहा, ''क्या बात है अनूप ? क्या तुम खर्चे को लेकर परेशान हो रहे हो ? हम लोग अभी तक अपना आधा-आधा खर्च उठा रहे हैं। बच्चे का खर्च भी आधा-आधा बंट जायेगा। वैसे तुम मुझमें कम कमाते हो इसीलिये मैं तुम्हें कुछ छूट दे सकती हूं और बच्चे का खर्च भी अकेले उठा सकती हूं। अब तो तुम्हें खुश होना चाहिये। अनूप ने एक लम्बी सांस छोड़ते हुए कहा-''बात खर्च की नहीं है डार्लिंग ! मुझे बच्चे वाली औरतें पसन्द नहीं हैं। अगर तुमने एबार्शन न कराया तो बहुत सम्भव है मुझे तुमसे अलग होना पड़ेगा।'' ''ओह गुड ! मेरा खयाल बिल्कुल सही था। अनूप मैंने तैयारी कर ली है।'' कहते हुए प्रियंका ने अटैची उठाई और कमरे से बाहर निकल गई। और जाते-जाते यह भी कहना न भूली- ''मुझे अभी तक कोई प्रेग्नेंसी नहीं है दोस्त ! मैं तो तुम्हारी औकात जानना चहती थी।''

वह तेजी से सड़क पर जा रही है और अनूप ''सुनो तो ! सुनो तो डार्लिंग'' कहता हुआ कुछ दूर उसके पीछे गया पर निराश होकर लौट आया।

## थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते

■ ज़फ़र इक़बाल

थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते
कुछ और थक गया हूँ आराम करते करते

अंदर सब आ गया है बाहर का भी अंधेरा
ख़ुद रात हो गया हूँ मैं शाम करते करते

ये उम्र थी ही ऐसी जैसी गुज़ार दी है
बदनाम होते होते बदनाम करते करते

फँसता नहीं परिंदा है भी इसी फ़ज़ा में
तंग आ गया हूँ दिल को यूँ दाम करते करते

कुछ बे-ख़बर नहीं थे जो जानते हैं मुझ को
मैं कूच कर रहा था बिसराम करते करते

सर से गुज़र गया है पानी तो ज़ोर करता
सब रोक रुकते रुकते सब थाम करते करते

किस के तवाफ़ में थे और ये दिन आ गए हैं
क्या ख़ाक थी कि जिस को एहराम करते करते

जिस मोड़ से चले थे पहुँचे हैं फिर वहीं पर
इक राएगाँ सफ़र को अंजाम करते करते

आख़िर 'ज़फ़र' हुआ हूँ मंज़र से ख़ुद ही ग़ाएब
उस्लूब-ए-ख़ास अपना मैं आम करते करते



हास्य व्यंग्य

# काम ना काज के दुश्मन अनाज के

■ रेखा शाह आरबी

शहरों में तो लोग पड़ोसी -अड़ोसी क्या करते हैं क्या नहीं करते हैं कभी पड़ोसियों को पता ही नहीं रहता है। बगल के फ्लैट में कौन रहता है ,कौन जिंदा है, कौन मर गया किसी भी चीज का कुछ पता नहीं रहता । जिंदगी अपनी दौड़ से दौड़ाती रहती है और और सभी लोग उसमें दौड़ते रहते हैं । लेकिन गांव में अभी ऐसा कुछ नहीं होता है जिंदगी तो यहां भी भागती है पर बुलेट ट्रेन की स्पीड से नहीं पैसेंजर की स्पीड से है । दिन भर भले ही लोग एक दूसरे से ना मिल पाए। लेकिन शाम को किसी डेरा पर तो, किसी चौपाल पर बैठकर अक्सर ही गप्पे गपियाते हैं । और यही निठल्लापन उन्हें घोर अवसाद और जीवन के अन्य दुखों से बचा लेता है। यह चौपाल ऐसी ही होती है जैसे संयुक्त राष्ट्र का अधिवेशन होता है बातचीत खूब होती है पर हल-भल कुछ किसी का नहीं निकलता है।

मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए। कुछ भी नहीं का मतलब.. कुछ भी नहीं चाहिए फिर भी जीवन मजे में जी लेते हैं । अब हमारे ही गांव के चौपट लाल जी को देख लीजिए जिन्हें देखकर मुझे कभी-कभी बहुत ही रश्क होता है। कैसे बारहों महीने बिना काम धाम के यह इतने खुश रह लेते हैं। गांव में भी लोग सब लोग खाली नहीं रहते। कुछ खेत खलिहान में कुछ ना कुछ काम करते व्यस्त रहते हैं।

लेकिन उस गांव के चौपट लाल जी ऐसे व्यक्ति हैं जो कुछ भी नहीं करते । वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनके खर्च शुन्य.. कमाई धेला भी नहीं है । फिर भी अन्य लोगों से ज्यादा मजेदार जीवन जीते हैं। ना घर द्वार बनवाने की चिंता ना कमाने धमाने की चिंता.. जिंदगी के सारे मजे उनके लिए ही है।

उनकी प्रसन्नता तो यही बताती है।वह कहीं भी खटिया बिछाकर उल्टे पड़े रहते हैं। बिल्कुल मगरमच्छ के जैसे कोई हलचल नहीं कोई व्यवधान नहीं है उनके जीवन में.. सब मंगल ही मंगल है। जैसे नेता चुनाव में एक्टिव होते हैं वैसे ही चौपट जी सुबह और संध्या को एक्टिव होते हैं वह भी अपनी रोटियां सेकने के लिए बाकी समय चौपट लाल जी हमारे माननीय के जैसे अपने आरामगाह में पड़े रहते हैं।

घर के नाम पर उनके पास एक घास फूस की झोपड़ी है। जिसको बनाने के लिए उन्हें कुछ भी खरीदना नहीं पड़ता है। और सामान के नाम पर उनके पास कुछ एक बर्तन है।

आखिर इतने कम साधन में इतने प्रसन्न चौपट जी कैसे हैं जानने की सहज जिज्ञासा जागृत हो उठी .. तो एक दिन उनके जीवन का गहन अध्ययन करने का निश्चय किया।

आखिर जो इंसान कुछ नहीं करता उसका जीवन इतने मजे से कैसे चल जाता है। तो सुबह से ही उनके पीछे लग गए सुबह-सुबह की दुनिया भर की पहली जरूरत टॉयलेट होती है उनकी भी है पर शौचालय की व्यवस्था का चक्कर और खर्चा क्यों पालना वह तो लोटा उठाकर चल दिए और कुछ ही देर में दूसरे के खेत को उर्वर बनाकर वापस आ गए । उसके बाद हर इंसान को चाय पानी की जरूरत पड़ती है उन्होंने ऐसे शौक पाले ही नहीं सीधे खाने का ही व्यवस्था रखते हैं ।सड़क किनारे के पेड़ों को काटकर छांटकर जमा किए गए लकड़ी से मुफ्त में खाना बना लिए.. राशन पानी सरकारी कोटे से मुफ्त मिल ही जाता है ।यानी कि यहां भी उनका एक अठन्नी खर्चा नहीं हुआ। कपड़े लत्ता के नाम पर उनके देह पर एक बनियान एक बरमुंडा एक गमछे के सिवा कभी कुछ ज्यादा देखने को नहीं मिला। उसका भी पैसा जाने कौन-कौन से भत्ते से उनको मिल ही जाता है । सुबह से शाम हो गई लेकिन उनको एक अठन्नी खर्च करते देखने की हसरत ही रह गई। खाने के बाद सोना और सोने से पहले लोगों से मांग कर पेपर पढ़ कर उस पर दुनिया भर का ज्ञान देना उनका पसंदीदा शगल है। जितने करीने से वह समाचार पत्र पढ़ते हैं उतना तो जो उस अखबार का पैसा उनके पड़ोसी चुकाता है वह भी नहीं पढ़ता है ।

चौपट लाल जी को देखकर ज्ञान के चक्षु खुल गए बेकार ही हम सब कोल्हू के बैल की तरह दिन-रात जुते हुए हैं। और मेहनत कर रहे हैं । रात दिन खून पसीना एक किए हुए हैं । फालतू के संसाधन जुटाने में जीवन नर्क बने हुए हैं। चौपट लाल जी को देखकर समझ में आ गया जिंदगी तो बिना संसाधनों के बिना कुछ किये भी बड़े मजे से मजेदार गुजर सकती है। कुछ राम भरोसे कुछ सरकार भरोसे।

> मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए।

## जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम

■ मीर हसन

जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम
शोले की तरह सदा दीदा-ए-गिर्यां हैं हम

मुत्तसिल लख़्त-ए-जिगर करते हैं आँखों से सदा
आह किस आशिक़-ए-ग़म-दीदा की मिज़्गाँ हैं हम

कभी हँसते हैं कभी रोते हैं जलते हैं कभी
गुल हैं शबनम हैं कि या आतिश-ए-सोज़ाँ हैं हम

हम में ही आलम-ए-अकबर हुए गो जुर्म-ए-सग़ीर
मज़हर-ए-जल्वा-ए-हक़ हज़रत-ए-इंसाँ हैं हम

दहर पुर-शोर है हाथों से हमारे ऐ आह
आफ़रीनश में मगर नाला-ओ-अफ़्ग़ाँ हैं हम

फ़िक्र-ए-जमइय्यत-ए-दिल हम को कहाँ आह 'हसन'
ख़ातिर-आशुफ़्ता-ए-गेसू-ए-परेशाँ हैं हम

मतदान होते ही खत्म हुई राजनीतिक खटास

# शिवराज ने दी कमलनाथ को जन्मदिन की बधाई





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए हुए मतदान सम्पन्न होने के साथ ही नेताओं के बीच राजनीतिक खटास खत्म हो गई है। अब इनके बीच परंपरागत सद्भाव दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लिखा कि 'माननीय कमलनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई, भगवान महाकाल से आपके स्वस्थ्य, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।'

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह ने भी ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने कमलनाथ को बधाई दी कि 'पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के यशस्वी अध्यक्ष, माननीय कमलनाथ जी को जन्मदिवस की अनंत व अशेष शुभकामनाएं, मैं ईश्वर से आपके उत्तर स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करता हूं।'

उल्लेखनीय है कि आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का जन्मदिन है, वह आज 77 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन पर शुक्रवार देर रात से ही उनके बंगले पर बधाई देने के लिए आने वालों का सिलसिला शुरू हो गया था। कमलनाथ को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ही विपक्षी दलों के नेताओं अन्य समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी बधाई दी है।

निर्वाचन कार्यालय ने जारी किए आंकड़े

# प्रदेश में 77 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए हुए मतदान का प्रतिशत बढ़कर 77.15 प्रतिशत हो गया है। वहीं राज्य के आदिवासी अंचलों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से शनिवार रात मतदान प्रतिशत के अंतर्गत अनंतिम आंकड़े जारी किए गए। जिसके अनुसार प्रदेश में 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 76.03 प्रतिशत महिलाओं और 78.21 प्रतिशत पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

प्रदेश में विधानसभा की 230 सीटों के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के बाद देर रात आयोग ने प्रदेश में 76.22 प्रतिशत मतदान के आंकड़े जारी किए थे। मतदान समाप्ति होने के बाद देर रात तक मतदान दल अपने गंतव्य पर लौटते हैं, जिस कारण पहले दिन मतदान के पूरे आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। आज अलग-अलग मतदान केन्द्रों की जानकारी अपडेट होने के बाद प्रदेश में मतदान का आंकड़े अब 77.15 प्रतिशत पहुंच गया है। यह 2018 के मुकाबले 1.52 प्रतिशत यानी करीब 2 प्रतिशत अधिक है।

## आदिवासी इलाकों में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में 85 फीसदी मतदान से ज्यादा मतदान हुआ है, जबकि आदिवासी मंडला और डिंडौरी में भी लगभग 83 फीसदी मतदान दर्ज हुआ। प्रदेश के 52 जिलों में मतदान के आंकड़े पर नजर डालें तो आगर मालवा 85.03, अलीराजपुर 60.10, अनूपपुर 77.03, अशोकनगर 78.77, बालाघाट 85.23, बड़वानी 74.93, बैतूल 80.70, भिंड 63.27, भोपाल 66.00, बुरहानपुर 76.68, छतरपुर 71.20, छिंदवाड़ा 82.20, दमोह 75.03, दतिया 75.30, देवास 81.22, धार 77.15, डिंडोरी 82.51, गुना 78.69, ग्वालियर 67.01, हरदा 81.89, इंदौर 70.54, जबलपुर 74.30 मतदान हुआ। जबकि झाबुआ 76.72, कटनी 75.43, खंडवा 4.93,खरगोन 78.89, मंडला 82.05, मंदसौर 83.28, मुरैना 68.27, नर्मदापुरम 81.85, नरसिंहपुर 82.80, नीमच 83.30, निवाड़ी 82.36, पन्ना 74.07, रायसेन 79.41, राजगढ़ 84.29, रतलाम 83.40, रीवा 66.85, सागर 75.64, सतना 73.25, सीहोर 81.54, सिवनी 85.68, शहडोल 77.90, शाजापुर 84.99, श्योपुर 79.52, शिवपुरी 78.83, सीधी 69.73, सिंगरौली 74.43, टीकमगढ़ 75.28, उज्जैन 78.36, उमरिया 76.57 और विदिशा में 79.20 प्रतिशत मत पड़े हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# भाजपा ने अटेर के 16 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने भिंड जिले की अटेर विधानसभा क्षेत्र के 16 मतदान केंद्रों पर पुनः मतदान कराए जाने की मांग की है। भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में यहां मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा है। अटेर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली को 16 मतदान केंद्रों की सूची भेजकर वहां पुनः मतदान कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा है कि 17 नवंबर को हुए मतदान के दौरान अटेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 11,12 खडित, 17, 41 निवारी, 48 बड़पुरा, 49 बड़पुरी, 55, 67, 69, 70, 71 किशुपुरा, 103 मनेपुरा, 169 पीथमपुरा, 170, 171, 211 बीसलपुरा में पदस्थ पीठासीन अधिकारियों व उनके दल द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलीभगत कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। उक्त मतदान केंद्रों पर बूथ कैप्चरिंग की घटना हुई, जिसकी शिकायत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तत्काल चुनाव आयोग को की गई थी, पर समुचित कार्यवाही नहीं हुई। इन शिकायतों पर संबंधित मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों ने भी निराकरण नहीं किया। एक मतदान केंद्र में मतदाता द्वारा एक से अधिक बार अपना मत ईवीएम में दर्ज कराया गया, जिसका वीडियो भी है, कई मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारियों को भी प्रभाव में रखकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ कैप्चरिंग की है। ऐसी स्थिति में इन 16 मतदान केन्द्रों पर पुनः मतदान कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी और प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और वीरांगना लक्ष्मीबाई को देंगे पुष्पांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती और 1857 की क्रांति में शहीद हुई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झांसी की महारानी वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती पर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दोपहर12 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने यह जानकारी दी, उन्होंने बताया कि इसके पूर्व पूर्वान्ह 11.15 बजे इंदिरा जी की प्रस्तावित प्रतिमा स्थल व्हीआईपी रोड़ करबला कोहफिजा चौराहे पर पूर्वान्ह साढ़े11 बजे प्रियदर्शिनी पार्क पर और पूर्वान्ह 11बजकर 50 मिनट पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय परिसर में स्थिति इंदिरा जी की प्रतिमा पर, पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# कांग्रेस नेता की हत्या के विरोध में खजुराहों में धरने पर बैठे दिग्विजय



## हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें

**भोपाल, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में हुई चुनावी हिंसा में कांग्रेस नेता सलमान खान की निर्मम हत्या विरोध में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मृतक के परिजनों के साथ खजुराहों में धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोगों पर नामजद रिपोर्ट होने के बाद भी हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि विक्रम सिंह नातीराजा को बचाकर सलमान खुद शहीद हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सलमान के परिवार के साथ है और सलमान के परिवार को गोद लिया जाएगा। उन्होंने सलमान के परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग भी सरकार से की है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मतदान के पहले राजनगर विधानसभा में कांग्रेस समर्थक की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। मामले में भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया समेत 20 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया जा चुका है। समाचार लिखे जाने तक दिग्विजय सहित तमाम कांग्रेस नेता धरने पर बैठे थे। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती धरना खत्म नहीं होगा।

सीहोर विधानसभा में ग्रामीणों ने दिखवाया उत्साह

# मतदान में वरखेड़ा खरेट बना अव्वल,95 प्रतिशत ने डाले वोट

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को सीहोर जिले में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। इसके साथ ही यहां के वरखेड़ा खरेट मतदान केंद्र क्रमांक में रिकार्ड मतदान हुआ है। इस केन्द्र पर मतदाताओं ने सबसे ज्यादा जागरूकता दिखाई। इस मतदान केन्द्र पर सर्वाधिक 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा। यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए।

चुनाव मतदान होने के बाद जिले के 39 प्रत्याशी और उनके समर्थक विभिन्न बूथों पर हुए मतदान को लेकर डाले गए वोट का मंथन के साथ जीत हार का गणित लगाते रहे। वहीं, अनेक प्रत्याशियों ने चुनाव मतदान होने के बाद पिछले करीब दो सप्ताह से चली आ रही चुनावी थकान को मिटाया। इसके साथ ही अब चुनावी चर्चाएं प्रत्याशियों के कार्यालयों के अलावा चौक-चौराहों और पान की दुकानों पर होने लगी है। आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा। हालांकि दोनों दलों के प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने दलों के नेताओं को विजयी श्री का गुण गा रहे हैं और जीत के दावे कर रहे हैं। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो सीहोर विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक रहा। वहीं, शहरी क्षेत्र के एक मतदान केंद्र का प्रतिशत 54.83 तक नीचे रहा। सीहोर विधानसभा में सबसे अधिक मतदान केन्द्र क्रमांक 102 वरखेड़ा खरेट का रहा। यहां सीहोर विस का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 565 वोटरों में से 538 ने मतदान किया, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा। यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। यहां कुल वोटर 642 में से 352 ने मतदान किया। वहीं राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो इस बार कटनी में बढ़े मतदान प्रतिशत का रोल निभाने वाली महिलाएं हैं, जिन्होंने 75.05 प्रतिशत मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति देने का बेहतर कार्य किया है। जो पुरुषों से 0.5 प्रतिशत ही कम था। क्योंकि इस तरह से 76 प्रतिशत पुरुषों का मतदान रेसियो शामिल है। बात करे थर्ड जेंडर की इस बार इन्होंने 46.15 लोगों ने वोटिंग कर चौंका दिया, जो काफी ज्यादा माना जा रहा है। देखना यह है आने वाले तीन दिसंबर को ये वोटिंग किसका भाग्य उदय करेगी।

राजस्थान में खड़गे ने भाजपा को घेरा

# कांग्रेस की गारंटियों को कॉपी पेस्ट कर रही भाजपा



**जयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, ने शनिवार को राजस्थान में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में उनकी पार्टी की चुनावी गारंटी को कॉपी-पेस्ट करने का असफल प्रयास किया है।

▶ **पार्टी अध्यक्ष ने कहा, भाजपा के पास नियत व नीति नहीं**

खड़गे ने कहा, भाजपा के पास नियत और नीति नहीं है। कांग्रेस ने राजस्थान और अन्य राज्यों में गारंटी के रूप में दिया है। प्रधानमंत्री और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी जी और बीजेपी ने कई कोशिशों के बाद हमारी असली गारंटी की नकल करना बेहतर समझा। उन्होंने चुनाव से पहले जल्दबाजी और असफल तरीके से झूठा एजेंडा परोसने की कोशिश की। कांग्रेस जानती है कि कांग्रेस ने काम किया है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सात गारंटी जमीनी स्तर तक पहुंचे। 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। शुक्रवार को, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी रेगिस्तानी राज्य में दो सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था, जबकि उनके भाई और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने एक दिन पहले तीन सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था। कांग्रेस राजस्थान में लगातार दूसरा कार्यकाल चाह रही है, जहां हर पांच साल के बाद वैकल्पिक पार्टी सरकार की परंपरा है। सत्ता बरकरार रखने के लिए कांग्रेस अपनी जन-समर्थक योजनाओं और लोगों के लिए घोषित सात गारंटियों पर भरोसा कर रही है।

# तेलंगाना में सत्ता में आने पर कराएंगे मुफ्त में अयोध्या दर्शन



**हैदराबाद,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वादा किया कि अगर भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन मुफ्त होंगे। अमित शाह ने गडवाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया और वादा किया कि वह उन्हें मुफ्त में दर्शन के लिए अयोध्या भेजेगी। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल आधारशिला रखी बल्कि वह 22 जनवरी को इसका उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने दोहराया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो पिछड़ा वर्ग (बीसी) से किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी। बीसी राज्य की आबादी का 52 प्रतिशत हैं और 135 बीसी समुदाय हैं, इसके बावजूद कोई बीसी मुख्यमंत्री नहीं था। बीआरएस और कांग्रेस दोनों पर टिकट देने में अन्याय का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने बीसी को सबसे ज्यादा टिकट दिए हैं। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के रूप में भाजपा ने भारत को पहला बीसी प्रधानमंत्री दिया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना की बीआरएस सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने बीआरएस को भ्रष्टाचार रिश्वत समिति करार दिया। आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान कई घोटाले हुए हैं। कांग्रेस ने 2004 से 2014 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश के लिए 2 लाख रुपये आवंटित किए, उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अकेले तेलंगाना को 2.50 लाख करोड़ रुपए दिए। शाह ने कहा कि केसीआर की सरकार में युवाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हुई है। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) की छह श्रेणियों की परीक्षाओं में 16 बार प्रश्न पत्र लीक हुए। भर्ती में भ्रष्टाचार के कारण युवाओं को आत्महत्या करनी पड़ी। हमने तय किया है कि अगर हम सत्ता में आए तो पांच साल में पारदर्शी तरीके से 2.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां मुहैया कराई जाएंगी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने तेलंगाना को निज़ाम के शासन से मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि केसीआर को ओवैसी के कारण हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने में शर्मिंदगी हुई।

## मोदी सरकार में पिछड़ा वर्ग से 27 मंत्री

केसीआर के दलित को तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनाने के वादे को याद कराते हुए कहा कि केसीआर दो बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं और अब वह केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में बीसी से 27 मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों बीसी विरोधी हैं। केवल भाजपा ही बीसी का कल्याण सुनिश्चित कर सकती है। तेलंगाना में आने वाला चुनाव पांच साल के लिए तेलंगाना का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को तय करना चाहिए कि वे डबल इंजन विकास चाहते हैं या केसीआर के झूठे वादे। आरोप लगाया कि केसीआर ने झूठे वादे करने में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मैं तेलंगाना के लोगों, विशेषकर युवाओं को बताना चाहता हूं कि बीआरएस को वीआरएस देने का समय आ गया है।

राज्यपाल ने आरक्षण संशोधन बिल को दी मंजूरी

# बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

**पटना, देशबन्धु।** राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने आरक्षण संशोधन बिल 2023 को मंजूरी दे दी है। बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। एससी-एसटी, ओबीसी-ईबीसी के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ा। इस संदर्भ में बिहार का सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से गजट प्रकाशन करेगा। उसके बाद यह लागू हो जाएगा। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में विधानसभा और विधान परिषद में सर्वसम्मति से बिल पारित हुआ था। आरक्षण का दायरा 50 से 65 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। ईडब्ल्यूएस के 10 फीसद जोड़कर यह 75 प्रतिशत हो जाएगा।

## ईडब्ल्यूएस के 10 फीसद आरक्षण रहेगा लागू

अनुसूचित जाति को 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 2 प्रतिशत, अति पिछड़ा जाति को 25 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिल सकेगा। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग वाले लोगों को पहले की तरह 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा।

# जम्मू-कश्मीर में 9 आतंकी ढेर

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर में पिछले 36 घंटों में 9 आतंकी ढेर किए जा चुके हैं। इनमें से चार को उड़ी में एलओसी पार करते हुए मार डाला गया तो पांच को शुक्रवार सुबह कुलगाम में ढेर कर दिया गया। इस बीच जम्मू मंडल के राजौरी जिले के बुद्धल इलाके में भी समाचार लिखे जाते समय तक मुठभेड़ जारी थी। कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ स्थल पर पांच आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्करे तौयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों का आप्रेशन जारी रहा।

आईजीपी कश्मीर विके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा बलों को कुलगाम में कुछ आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में एक खुफिया इनपुट मिला था। तलाशी अभियान के दौरान, एक आतंकवादी ने एक घर से गोलीबारी की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। लश्करे तौयबा के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। बाद में सेना के जवानों ने जिस घर में आतंकी छिपे थे, उसे राकेट लान्चर से उड़ा दिया। आतंकी पांच थे और उन्होंने दो अलग अलग मकानों में ठिकाना बना रखा था। गुरुवार को आधी रात के बाद सुरक्षाबलों ने अपनी तरफ से फायरिंग बंद कर, आतंकियों के ठिकाने की घेराबंदी सख्त कर दी। दोनों मकानों के चारों तरफ कंटीली तार भी लगा दी गई ताकि आतंकी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग न सकें। रातभर आतंकी रुक रुक कर फायरिंग करते रहे। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि कुलगाम जिले के समनू गांव में कुछ आतंकी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं। इसके बाद पुलिस, सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने वीरवार दोपहर आतंकियों की मौजूदगी वाले गांव की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। शाम करीब चार बजे छिपे हुए आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग के बाद से रुक-रुक कर गोलीबारी हुई। इस घेराबंदी में लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी छिपे बैठे थे, जिसमें से सभी को आज जवानों ने नेस्तनाबूत कर दिया है। सुरक्षाबलों ने पहले लश्कर के तीन आतंकी मारे और कुछ ही देर बाद फायरिंग कर रहे दो और आतंकी भी ढेर कर दिए गए हैं।

# कश्मीर में सर्दियों में आग की घटनाओं से निपटना एक चुनौती



## राज्य में हर साल 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं हो रही

**जम्मू, देशबन्धु।** यह पूरी तरह से सच है कि कश्मीर में सर्दियों के मौसम में बार-बार होने वाली आग की घटनाओं से निपटने की खतरनाक चुनौती पिछले कई सालों से बनी हुई है। और इस साल भी सर्दी की शुरूआत के साथ ही अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग ने अपने कर्मियों और मशीनरी को तैयार कर लिया है और राजधानी शहर श्रीनगर में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 70 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा है।

जानकारी के लिए आमतौर पर, कश्मीर में शुष्क मौसम की स्थिति के कारण शरद ऋतु के मौसम और सर्दियों की शुरुआत के दौरान आग की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है, क्योंकि ठंड से निपटने के लिए गैस हीटर के अलावा हीटर, तेल से भरे रेडिएटर, इलेक्ट्रिक कंबल सहित बिजली के उपकरणों का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ऐसे में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के सहायक निदेशक आकिब हुसैन मीर कहते थे कि हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उनके बकौल हमारे अग्निशमन कर्मी सतर्क स्थिति में हैं। केवल श्रीनगर शहर में 50 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा गया है, जबकि 20 से अधिक छोटे फायर टेंडर भी अग्निशामकों के निपटान में हैं। इसके अलावा, वे कहते थे कि शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों तक पहुंच को सक्षम करने के लिए छोटे आकार के फायर टेंडर शुरू किए गए हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में दी जानकारी

# 22 नवम्बर को जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अध्यक्षता में जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विगत दस सितंबर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के समापन से पहले भारत जी20 नेताओं के एक आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

इसी के अनुरूप प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी-20 नेताओं का आभासी शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष सहित सभी जी-20 सदस्यों के नेताओं, साथ ही नौ अतिथि देशों और 11 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य है कि नयी दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में नेताओं की घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया गया था।

वर्चुअल शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के प्रमुख, चयनित परिणामों/कार्य बिंदुओं को आगे बढ़ाएगा और साथ ही तब से हुए विकास की समीक्षा भी करेगा। कल 17 नवंबर को आयोजित दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श भी चर्चा में शामिल होंगे।

वर्चुअल जी20 शिखर सम्मेलन में प्रासंगिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों सहित विभिन्न जी-20 निर्णयों के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिये जाने की भी उम्मीद है।भारत के पास 30 नवंबर तक जी-20 की अध्यक्षता है। 2024 में ब्राज़ील की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 ट्रोइका में भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वार्ता कल

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों के बीच दूसरी टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता सोमवार को यहां होगी। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और विदेश मंत्री सुश्री पेनी वोंग वार्ता के लिए रविवार को दो दिन की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ वार्ता की सह अध्यक्षता करेंगे। टू प्लस टू वार्ता से पहले दोनों देशों के मंत्री द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। दोनों देशों के बीच पहली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता सितंबर 2021 में हुई थी।

### तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पिछले चुनाव से ज्यादा हुआ मतदान

# टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुआ सर्वाधिक 78.49 प्रतिशत मतदान





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टीकमगढ़ जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पिछले चुनाव से अधिक मतदान हुआ है। विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ में 78.49 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर में 75.29 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा में 75.42 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. शर्मिला मेरी जोसिफ विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रायनिहतिलांग रापथाप, व्यय प्रेक्षक शिवप्रसाद एस, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का सतत भ्रमण कर सुचारू मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपवूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।

### तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत

| क्र. | विधानसभा क्षेत्र | पुरूष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 43-टीकमगढ़ | 64% | 76.90% | 78.49% |
| 2 | 44-जतारा | 77.23% | 73.47% | 75.42% |
| 3 | 47-खरगापुर | 73.42% | 73.42 % | 75.29% |

### कलेक्टर एवं एसपी ने माना सभी का आभार

जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 में 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपवूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू तरीके से मतदान सम्पन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सभी राजनैतिक दलों, जिला अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, मतदान दलों एवं पुलिस बल के जवानों, एसपीओ, सभी सुरक्षा कर्मियों और जिले के अधिकारी कर्मचारियों तथा विशेषकर जिले के मतदाताओं का आभार माना है। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों और मतदाताओं के लोकतंत्र के प्रति विश्वास की भावना के साथ उत्साहपूर्वक मतदान करने से जिले में मतदान का प्रतिशत संतोषप्रद रहा। कलेक्टर एवं एस.पी. ने सभी जिलेवासियों का विशेष कर युवा, दिव्यांग एवं महिला मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

# 80 के पार पहुंचा निवाड़ी जिले में मतदान

**निवाड़ी, देशबन्धु।** निवाड़ी जिले के दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पिछले चुनाव से अधिक मतदान हुआ है। विधानसभा क्षेत्र-45 पृथ्वीपुर में 83.58 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र-46 निवाड़ी में 81.05 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का सतत भ्रमण कर सुचारू मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपवूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।

| क्र | विधानसभा क्षैत्र | पुरूष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 45-पृथ्वीपुर | 85.05 प्रतिशत | 81.95 प्रतिशत | 83.58 प्रतिशत |
| 2 | 46-निवाड़ी | 82.76 प्रतिशत | 79.21 प्रतिशत | 81.05 प्रतिशत |

### कलेक्टर एवं एस.पी. ने माना आभार

जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 में 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपवूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू तरीके से मतदान सम्पन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने सभी राजनैतिक दलों, जिला अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, मतदान दलों एवं पुलिस बल के जवानों, एसपीओ, सभी सुरक्षा कर्मियों और जिले के अधिकारी कर्मचारियों तथा विशेषकर जिले के मतदाताओं का आभार माना है। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों और मतदाताओं के लोकतंत्र के प्रति विश्वास की भावना के साथ उत्साहपूर्वक मतदान करने से जिले में मतदान का प्रतिशत संतोषप्रद रहा। कलेक्टर एवं एस.पी. ने सभी जिलेवासियों का विशेष कर युवा, दिव्यांग एवं महिला मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

# पूर्व मंत्री की पुत्री ने पहली बार किया मतदान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा जतारा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक की पुत्री कुमारी मोनिका खटीक ने पहली बार मतदान किया। 17 नवंबर की दोपहर 11बजे पलेरा नगर के वार्ड नंबर 10 में स्थित सीएम राइस विद्यालय मतदान केंद्र जाकर मोनिका खटीक ने मतदान किया। इस अवसर पर कुमारी मोनिका खटीक ने कहा कि मैं पहली बार मतदान करके बहुत प्रसन्नता का एहसास कर रही हूं उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वह मतदान करके अपने अधिकार का प्रयोग कर राष्ट्रहित में अपना योगदान अवश्य करें।

### कलश यात्रा के बाद श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शनिवार को शहर के तालदरवाजा स्थित प्रसन्न राघव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रज्जू महाराज ने बताया कि आचार्य मुकुटधर पाण्डेय मुंबई द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पहले दिन शनिवार को दोपहर में कलश यात्रा निकाली गई। जो मंदिर से शुरू हो कर महेंद्र सागर तालाब के पास स्थित प्रतापेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद वापस मंदिर पहुंची। कथा के आयोजन में 21 नवंबर को श्रीकृष्ण जन्म, 23 को रुक्मिणी विवाह और अंतिम दिवस सुदामा चरित्र, बृज की होली का आयोजन किया जाएगा।

# विवाद के चलते पति ने की थी पत्नी की हत्याए पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** छिपरी गांव में एक महिला हत्या की वारदात सामने आई थी। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची, मृतका द्रोपदी पत्नी ख्यालीराम कुशवाहा उम्र 50 वर्ष निवासी छिपरी का शव उसके भेले वाले हार के मकान में खून से लथपथ पड़ा मिला था। उक्त घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। साथ ही घटना स्थल का पुलिस टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला के सिर एवं चेहरे पर प्राणघातक हमले के बाद उसकी मृत्यु हुई है। मृतका के लड़के के बताए अनुसार अज्ञात आरोपी के खिलाफलिधौरा थाने में धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना के खुलासे एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए निवाड़ी एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लिधौरा निरीक्षक अशोक पटीदार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने अज्ञात आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दी। मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। संदेह के आधार पर मृतका के पति ख्यालीराम कुशवाहा को ज्योरा तिगड्डा पर होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर पकड़ा गया। जिसने पूछताछ पर पत्नी से झगड़ा होने पर जुर्म करना स्वीकार किया। जिससे घटना में प्रयुक्त औजार व खून से सने कपड़े बरामद किए। कार्रवाई में उनि रघुराज सिंह, एएसआई सुकरत राय, एएसआई रवि दीक्षित, प्रआर मनीष, आरक्षक अंकुल सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मतदान सम्पन्न कराकर लौटे मतदान दलों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वागत किया

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायसेन जिले में 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान दलों द्वारा मतदान संपन्न कराने के पश्चात जिला मुख्यालय रायसेन में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने मतदान दलों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-122 लोक सेवा केन्द्र रायसेन का मतदान दल मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचा। इस मतदान केन्द्र को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया था। यहां दिव्यांग मतदानकर्मियों द्वारा सुचारू रूप से पूर्ण मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई।

जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में बनाए गए कुल 1226 मतदान केन्द्र पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ।

# मतदान सम्पन्न कराकर लौटे मतदान दलों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वागत किया

### जिले में शांति पूर्ण मतदान संपन्न

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायसेन जिले में 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान दलों द्वारा मतदान संपन्न कराने के पश्चात जिला मुख्यालय रायसेन में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने मतदान दलों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-122 लोक सेवा केन्द्र रायसेन का मतदान दल मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचा।

इस मतदान केन्द्र को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया था। यहां दिव्यांग मतदानकर्मियों द्वारा सुचारू रूप से पूर्ण मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में बनाए गए कुल 1226 मतदान केन्द्र पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ।

# अवैध लकड़ी का परिवहन करते 2 ट्रैक्टर किए जप्त



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शनिवार की सुबह शिशुपाल अहिरवार वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो ट्रैक्टर अवैध रूप से बिना परिवहन पास के लकड़ी भरकर जा रहे हैं। इसके पश्चात वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के द्वारा तत्काल दो टीमों का गठन करके अलग-अलग स्थान पर भेजा गया तो एक ट्रैक्टर को पलेरा से एवं दूसरे ट्रैक्टर को घुरा वाले मार्ग पर रोककर पूछताछ करने पर लकड़ी कटाई एवं परिवहन अनुमति के साथ-साथ ड्राइवरो से दस्तावेजों की मांग की गई तो वाहन चालकों के द्वारा किसी भी प्रकार के कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए इसके पश्चात दोनों ट्रैक्टर एवं मय ट्राली जिसमें लकड़ी लोड थी की जब्ती की कार्यवाही करके वन विधि नियमों के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 251/16 एवं 251/17 शनिवार को पंजीबद्ध करने के पश्चात सुरक्षित वन परिक्षेत्र परिसर जतारा में खड़ा कराया गया। उक्त कार्यवाही शिशुपाल अहिरवार वन परक्षेत्र अधिकारी जतारा के निर्देशन में की गई। जिसमें वन परिक्षेत्र जतारा के धनीराम नापित, उप वनक्षेत्रपाल रियाजुद्दीन, वनपाल विवेक वंशकार, वनरक्षक प्रमोद अहिरवार, वनरक्षक विकास बाबू वर्मा, वनरक्षक आरती कुशवाहा, वनरक्षक ललित राय, वनरक्षक जालम प्रजापति, वनरक्षक शुभम पटेल, वनरक्षक अनिल द्विवेदी स्थाई कर्मी एवं राहुल वंशकार वाहन चालक सम्मिलित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप खरे को बनाया अभा कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

### बधाईयों का लगा तांता, योगेन्द्र नाथ का जताया आभार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी एवं कवि प्रदीप खरे को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजी दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह अब तक प्रदेश में महामंत्री का दायित्व सभांल रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र नाथ ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए मध्यप्रदेश एवं सीमावर्ती उत्तरप्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। श्री खरे ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर कहा कि यह समूचे मध्यप्रदेश के कायस्थ बंधुओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने और समाज के लोगों की समस्याओं के लिए संघर्ष करने के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने अध्यक्ष योगेन्द्र नाथ जी के मार्गदर्शन में समूचे प्रदेश में देश के प्रथम राष्ट्रपति डां राजेन्द्र प्रसाद एवं द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा लगाए जाने तथा जिला स्तर पर चित्रांश चौराहा बनाए जाने पर जोर दिया। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप खरे ने कहा है कि कायस्थ समाज पर भी बेरोजगारी की मार सबसे अधिक पड़ी है। इस दिशा में सरकार का ध्यान अपेक्षित करने और समाज के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सामान्य वग्र के सांसद एवं विधायकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह सर्वण युवाओं के भविष्य की चिंता करें। आज मध्यमवर्गीय परिवारों की दशा सबसे बदतर हो चली है, जिन्हें शासन की योजनाओं का न तो लाभ मिल रहा है और न ही वह खेती ही करते हैं, क्यों कि उनके पास कृषि ही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की सवर्ण गरीब बेटियों के विवाह एवं शिक्षा के लिए सवर्ण कल्याण कोष की स्थापना किए जाने पर जोर दिया जाएगा, जिसमें बेटियों को सरलता से राशि मिल सके। श्री खरे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर बधाईयां और राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र नाथ के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष विष्णु दयाल श्रीवास्तव, कार्तिक खरे, मुरारी बाबू श्रीवास्तव, अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, रमेश खरे, राजेन्द्र खरे, रामेश्वर दयाल खरे, मनोज खरे, अशोक खरे, राजेश खरे, राकेश विहारी खरे, राजकुमार खरे, राजेश खरे, अनीष खरे, प्रकाश भटनागर, रविन्द्र खरे, नरेन्द्र खरे, सुनीता खरे, विभा श्रीवास्तव, मीरा खरे, ऊषा श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, विमलेश श्रीवास्तव, अनीता खरे, मधुलिका भटनागर, अंजली खरे, संध्या श्रीवास्तव, रूचि श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, अनिल खरे, अरूण खरे, दीपक श्रीवास्तव सहित अनेक कायस्थ बंधुओं एवं पत्रकारों के नाम शामिल हैं।

# रायसेन में 80 प्रतिशत मतदान, दिनभर नजर रखे रहे प्रशासनिक अधिकारी

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में सभी 1226 मतदान केन्द्रों पर प्रात: 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा जिले में सतत् भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। हर आयु वर्ग के मतदाता वोट डालने के लिए खासे उत्साहित थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिले में मतदान समाप्ति पर 79.93 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 82.11 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं, 77.54 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 33.33 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। उदयपुरा विधानसभा में कुल 81.70 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 84.08 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 79.10 प्रतिशत महिला मतदाता और 20 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार भोजपुर विधानसभा में 79.58 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें 81.53 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 77.49 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 30.77 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। सांची विधानसभा में 77.36 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 79.60 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं, 74.93 प्रतिशत महिला मतदाताओं और 57.14 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार सिलवानी विधानसभा में 81.27 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 83.45 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने और 78.89 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

कलेक्टर दुबे ने बताया कि प्रदेश के साथ ही जिले में भी पहली बार मतदान में मुख्य रूप से दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिये विशेष सुविधायें प्रदान की गई। इन मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी थी। इनके अतिरिक्त मतदान केन्द्रों पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैम्प सहित सभी जरूरी इंतजाम किए गए। वृद्ध तथा दिव्यांग मतदाताओं को लाइन से हटकर पहले मतदान की सुविधा भी दी गई। सभी मतदान केन्द्रों पर छाया, बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध रहीं। जिले में मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए आने वाले नवीन मतदाताओं तथा वृद्ध मतदाताओं का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।



हीरा, पत्थर खदानें बंद, नहीं है रोजगार के कोई साधन, लगातार हो रहा पलायन

# जिले में गरीब आदिवासी मजदूरों की हालत बदतर



पन्ना, देशबन्धु। जिले की हीरा और पत्थर की खदानें बंद होने से लाखों मजदूर बेरोजगार होकर पलायन को मजबूर हो रहे हैं इसके अलावा ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना अंतर्गत अधिकांश काम मजदूरों के बजाय मशीनों से होने से आदिवासी मजदूर सिर पर लकड़ी का बोझ लेकर कोसों दूर पैदल चलकर लकड़ी बेचने जाने को मजबूर हैं। पन्ना नगर से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम खजरी कुराड़ की एक महिला अपने परिवार के गुजारे के लिए सिर पर लकड़ी का भारी बोझ और गोद में दुधमुही बच्ची के साथ लकड़ी बेचने जा रही थी साथ में उसका 5 साल का बच्चा भी था उसके सिर पर भी लकड़ी

## सरकार की योजनाओं का नही मिल रहा लाभ

का भारी बोझ था, पन्ना नगर के आसपास इस प्रकार के नजारे आम हैं जिन्हें जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा आदिवासियों के उत्थान एवं उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए चलाई जा रही योजनाएं कागजों तक ही सीमित हैं तथा आदिवासियो, गरीब मजदूरो का जीवन स्तर उठाने के लिए करोडो का बजट जिले में आता है। लेकिन उसका लाभ गरीबो को नही मिलता है, उसका लाभ जिम्मेवार अधिकारी, जनप्रतिनिधि बंदरबाट कर उठाते है इसलिए गरीबो का जीवन स्तर न बदलकर अधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों की संपत्ती लगातार बढ रही है। पन्ना जिले में कोई भी रोजगार के साधन नही है। यहां की स्थिति पूर्व से ही बदतर होती जा रही है। क्योंकि पूर्व मे हीरा एवं पत्थर खदाने व्यापक स्तर पर चलती है। जिसका लाभ सभी को मिलता था।

# 2 बाइक सवार आपस में टकराने से युवक घायल



दमोह देशबन्धु। जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो बाइक सवार आपस में टकरा गए। जिनमें एक बाईक सवार घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बाइक सवार राजन सिंह निवासी करौदी जोकि दमोह की ओर आ रहा था। वहीं दूसरा एक युवक बाइक से दमोह से हटा की ओर जा रहा था । बनगांव के पास दोनों बाइक आमने-सामने से टकरा गई। हादसा में राजन घायल हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को फोन लगाया गया। उसके बाद घायल राजन को हटा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरे बाइक सवार को कम चोट आई। जो वहां से घटना के बाद भाग निकला।

# मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी सहित 4 कर्मियों की तबीयत बिगड़ी, जिला अस्पताल में किया भर्ती

दमोह देशबन्धु। जिले में मतदान के दौरान बीमार हुए पीठासीन सहित कर्मियों को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में शासकीय वाहनों से भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान तेजगढ़ खुर्द पीठासीन राजकुमार जैन निवासी कुम्हारी, धनीराम अहिरवार पथरिया उम्र 56 वर्ष, संतोष बसोर नगर पालिका सहित तीन चार और कर्मियों को भर्ती किया गया था। जिनमे पीठासीन सहित तीन-चार कर्मियों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है और कुछ कर्मियों की हालत सुधर जाने के बाद घर चले गए।



# स्ट्रांग रूम सील्ड, बाहर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के लिए अधिकारी तैनात

दमोह देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत 17 नवम्बर को जिले के विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा (अजा) का 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति उपरांत मतदान दलों द्वारा सील्ड ई.व्ही.एम. पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर दमोह में स्थापित स्ट्रांग रूम में जमा की गई। ई.व्ही.एम. जमा होने के पश्चात् प्रेक्षक/रिटर्निंग ऑफीसर/अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील्ड किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने बताया स्ट्रांग रूम सील्ड होने के पश्चात् स्ट्रांग रूम के बाहर सी.सी.टी.व्ही. कैमरे की निगरानी हेतु 03 दिसम्बर 2023 तक नायब तहसीलदार सहित अन्य कर्मचारियों को 08-08 घंटे (24ग7) के लिये पदाविहित किया गया है। कलेक्टर अग्रवाल ने संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित स्थल एवं समय पर उपस्थित रहकर कार्य संपादित करेंगे।

## शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर-एसपी ने आभार व्यक्त किया

दमोह देशबन्धु। 17 नवंबर को जिले के 04 विधानसभा क्षेत्रों के 1168 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो गया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने जिले में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर सभी मतदाताओं, चुनाव कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों, पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों और सुरक्षा में तैनात जवानों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मतदान के बाद सभी के जीत के अपने अपने दावें

दमोह/पथरिया देशबन्धु। विधानसभा चुनाव मतदान समाप्त होने के बाद विधानसभा क्षेत्र 54 पथरिया में कुल मतदाता करीब 2 लाख 37 हजार में से 1,85,789 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया गया जिसमें 99,143 पुरूष एवं 86,646 महिला शामिल हुई। त्रिकोणीय मुकाबला होने से तीनों प्रत्याशी भाजपा लखन पटेल, कांग्रेस राव बृजेन्द्र सिंह,बसपा रामबाई सिंह ने अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई अब 3 दिसंबर को मतगणना की जायेगी। तब तक सभी अपने अपने जीत के आंकड़े लगा रहे हैं।

# श्रेयांश गिरी में पंच कल्याण महोत्सव प्रारंभ



पन्ना, देशबन्धु। अतिशय क्षेत्र श्रेयांश गिरी में श्री मज्जिनेन्द शांतिनाथ जिन बिम्ब पंचकल्याणक महा महोत्सव का प्रारंभ 18 नवंबर से भारी हर्षोल्लास पूर्वक प्रारंभ हुआ जिसमें प्रात: काल सलेहा से श्रेयांश गिरी तक 7 किलोमीटर की भव्य ऐतिहासिक घट यात्रा संपन्न हुई। घट यात्रा में स्थानीय तथा बाहरी देश भर से श्रद्धालू शामिल हुए। पोशाक एवं ध्वज के साथ सौभाग्यवती महिलाएं मंगल कलश लेकर चल रहे थी साथ ही भारी संख्या में अन्य श्रद्धालु वर्ग भी शामिल होकर इस भव्य घट यात्रा की शोभा को बढा रहे थे। तदोपरांत सभी महिलाओं ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर भूमि शुद्धि, बेदी शुद्धि इत्यादि मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराई। इस पावन अवसर पर सर्व मुख्य कार्य ध्वजारोहण गणाचार्य विराग सागर महामुनिराज ससंघ के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। ध्वजारोहण करने का सौभाग्य महावीर ज्वेलर्स सतना को प्राप्त हुआ। जब ध्वज फहराया गया तो पूर्व दिशा की ओर वायुवेग होने से ध्वज पूर्व दिशा लहराया जो कार्यक्रम की निर्विघ्न समाप्ति का संकेत था। तत्पश्चात् गणाचार्य श्री ने मंगल आशीर्वाद दिया। इसके पश्चात् विरागसागर ने अपने प्रवचनो में अतिशय क्षेत्र श्रेयांशगिरि की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह क्षेत्र असीम पुण्य वर्गणाओं का क्षेत्र है। यहां एक भी जैन समाज का घर न होते हुए भी यह क्षेत्र इतनी वृद्धि कर रहा है यह पंचकल्याणक भी समस्त विश्व के लिए कल्याणकारी होगा। आगामी पांच दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजना होगा। प्रथम दिवस महामहोत्सव की शुरुआत है। इसके पश्चात् लगातार कार्यक्रम होते रहेगें।

# देर रात्रि तक मतदान सामग्री स्ट्रांग रूम में हुई जमा



पन्ना, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनाव के बाद पन्ना जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र के 901 मतदान केंद्रो की मतदान सामग्री देर रात्रि तक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के स्ट्रांग रूम में जमा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के पन्ना, पवई और गुनौर विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण रूप से

## सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा बल की रहेगी निगरानी

मतदान संपन्न होने के बाद मतदान दलों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित ईवीएम मशीन सहित अन्य सामग्री जमा की गई। श्री सिंह ने बताया कि सभी सामग्री को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में सील कर बंद कराया गया। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने बताया कि मतदान दलों की बसों को सुरक्षित लाने के लिए पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी एवं स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने के लिए भी मार्ग को सुरक्षित कराया गया था। मतदान सामग्री एवं मशीन सहित अन्य सामग्री को सुरक्षित रखने एवं सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के तहत कंट्रोल रूम से की जा रही मॉनिटरिंग का जायजा भी लिया गया। तीन चक्रीय सुरक्षा व्यवस्था 3 दिसंबर मतगणना अवधि तक की गई है।

# जिले में सिंघाड़े की फसल में बीमारियों का खतरा

पन्ना, देशबन्धु। नदी तालाब झील इत्यादि के पानी में होने वाली सिंघाड़े की फसल में बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है जिससे सिंघाड़े की फसल उगाने वाले लोग परेशान हैं और कीटनाशक इत्यादि का छिड़काव कर फसल को बीमारियों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। बता दे कि पन्ना नगर में दर्जन भर से अधिक विशालकाय ऐतिहासिक तालाब हैं जिनमें से कुछ तालाबों में स्थानीय मांझी रैकवार समुदाय के लोग सिंघाड़े की फसल उगाते हैं जिसमें सर्दियों की शुरुआत में बीमारियों का खतरा रहता है। इस बार सिंघाड़े के पत्तों में दाग और तानों में गलन जैसी बीमारी उत्पन्न हो रही है जिससे बचाव के लिए फसल उगाने वाले लोग पारंपरिक संसाधनों और अपनी जानकारी के अनुसार कीटनाशक इत्यादि का छिड़काव कर रहे हैं लेकिन पन्ना जिले में सिंघाड़े की फसल की बीमारियों से सुरक्षा हेतु सलाह की जानकारी देने वाले जिम्मेवार अधिकारी तथा वैज्ञानिको का अभाव बताया जा रहा है जिससे सिंघाड़े की फसल से अपने परिवार का गुजारा करने वाले सिंघाडा कृषको को आर्थिक परेशानियो का सामना करना पड सकता है।

## ऑब्जर्वर एवं अभ्यर्थियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में मशीने हुई जमा

पन्ना, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह एवं अभ्यर्थी, संबंधित प्रतिनिधियों, रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें सील बंद की गई। ऑब्जर्वर, अभ्यर्थी, प्रतिनिधियों और रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान की संवीक्षा की गई।

इस अवसर पर सभी तीन विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी, प्रतिनिधि, ऑब्जर्वर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र एवं सभी रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे। स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम के लिए पृथक-पृथक कक्ष में स्ट्रांग रूम बने हैं, जिनकी निगरानी के बाहर एलईडी भी लगाई गई है। अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों को स्ट्रांग रूम के बाहर रूकने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है, जिससे कि वे ईवीएम मशीनों की सुरक्षा देख सकें। यह व्यवस्था 3 दिसबंर तक सुनिश्चित रहेगी।

# ग्रामीणों ने सुबह किया बहिष्कार, दोपहर बाद शुरू हुआ मतदान



मुलताई, देशबन्धु। ग्राम पंचायत कपासिया में शुक्रवार विधानसभा चुनाव के दिन ग्रामीणों द्वारा मतदान का बहिष्कार कर दिया गया और कोई भी मतदाता मतदान करने केंद्र पर नहीं पहुंचा, हालांकि अधिकारियों की समझाइश के बाद 11 बजे तक कुल सात लोगों ने अपने मत

## सीईओ और तहसीलदार ने पहुंचकर ग्रामीणों को दी समझाईश

का प्रयोग किया। लेकिन उसके बाद भी लोग मतदान करने नहीं पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में बनने वाला गोदाम ग्राम लखापुर में बनाया जा रहा है। वहीं उन्हें पीने के पानी सहित अन्य समस्या से भी जूझना पड़ता है। उनका कहना था कि मौके पर कलेक्टर आकर समस्या का निराकरण करें तभी वे मतदान करेंगे, अन्यथा वे मतदान नहीं करेंगे। दोपहर में जनपद सीईओ और तहसीलदार कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर जल्द समस्या के समाधान की बात कहकर मतदान शुरू कराया, जिसके बाद शाम 5 बजे तक 76 प्रतिशत मतदान हुआ।

# 90 वर्ष पुरानी रामलीला रामजन्म के साथ हुई शुरू



मुलताई, देशबन्धु। ग्राम पंचायत डहुआ में विगत 90 वर्षों से लगातार रामलीला का मंचन भव्य स्तर पर होते आ रहा है। इस वर्ष भी डहुआ में रामलीला का मंचन 2 दिन पहले शुरू हुआ। वैसे तो दीपावली के दूसरे दिन ही रामलीला शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार भद्रा होने के कारण रामलीला की दीपावली के तीसरे दिन शुरुआत की गई। जिसमें पहले दिन भगवान श्री राम जन्म और सीता जन्म की लीला दिखाई गई। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंच रहे हैं। ग्रामीण मनोज बारंगे ने बताया कि यह रामलीला कुल 13 दिन तक चलती है, जहां पर रामलीला के दूसरे दिन गुरुवार रात धनुष तोड़ने और परशुराम संवाद सहित भगवान राम और सीता विवाह की लीला का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि 1934 में शुरू हुई ऐतिहासिक रामलीला में अब अभिनय करने वाले लोग जरूर बदल गए हैं लेकिन अभी भी रामलीला उतनी ही रोचक है जितनी पहले हुआ करती थी।

# नरखेड़ में शिकायत पर हटाया टेंट, धूप में खड़े दिखे मतदाता

मुलताई, देशबन्धु। प्रभात पट्टन विकासखंड के ग्राम नरखेड में शुक्रवार सुबह 6 बजे से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वोट देने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे, जहां पर बूथ क्रमांक 189 और 190 के सामने टेंट लगा हुआ था, जिस पर कुछ निशान होने की शिकायत के बाद टेंट हटा दिया गया था। टेंट हटाने के बाद दोपहर 12 बजे तक ग्रामीण मतदान करने के लिए धूप में खड़े दिखाई दिए। धूप अधिक होने के कारण उन्हें परेशानी हुई और कुछ मतदाता वोट दिए बिना



ही वापस चले गए। उन्होंने नाराजगी जताई कि टेंट की व्यवस्था नहीं की गई, यदि टेंट हटा दिया गया था तो दूसरा टेंट लगवाया जाना चाहिए था। जागरूक युवा विजय मकोड़े ने बताया की ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की जिसके बाद दोपहर 12 बजे दूसरा टेंट लगवाया गया। टेंट लगते ही मतदाता बड़ी संख्या में वोट डालने आए और देर शाम तक कुल 75 प्रतिशत मतदान हुआ, हालांकि यह पिछली बार हुए मतदान से 2 प्रतिशत कम था। ग्रामीणों ने कहा की ग्राम सचिव की लापरवाही के कारण मतदाता वापस चले गए।

# देर रात्रि तक मतदान सामग्री सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम में हुई जमा

## सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा बल की रहेगी निगरानी





**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनाव के बाद सागर जिले की 8 विधानसभा क्षेत्र के 2118 मतदान केंद्रो की मतदान सामग्री देर रात्रि तक शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम में जमा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले की 8 विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न होने के बाद 2118 मतदान दलों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित मतदान सामग्री ईवीएम मशीन सहित अन्य सामग्री जमा की गई। सभी सामग्री को राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में सील कर बंद कराया गया। सभी मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों के लिए सामग्री जमा करने के उपरांत रात्रि कालीन भोजन की व्यवस्था भी जिला प्रशासन के द्वारा कराई गई थी। सभी को अपने-अपने गंतव्य तक जाने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज से बसों की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि मतदान दलों की बसों को सुरक्षित लाने के लिए पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित किए गई थी एवं स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने के लिए भी मार्ग को सुरक्षित कराया गया। उन्होंने बताया कि मतदान सामग्री एवं मशीन सहित अन्य सामग्री को सुरक्षित रखने एवं सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं एवं तीन चक्रीय सुरक्षा व्यवस्था 3 दिसंबर तक मतगणना अवधि तक तैनात रहेगी।

### कलेक्टर की उपस्थिति में सील बंद हुई ईवीएम मशीनें

विधानसभा निर्वाचन के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य एवं अभ्यर्थी, संबंधित प्रतिनिधियों, रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें सील बंद की गई। आब्जर्वर, अभ्यर्थी, प्रतिनिधियों और रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान की सवीक्षा की गई। इस अवसर पर सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी, प्रतिनिधि, आर्ब्जवर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी एवं सभी रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे। स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। सीसी टीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम के लिए 8 कक्षों में स्ट्रांग रूम बने है, जिनकी निगरानी के बाहर 8 बड़ी एलईडी लगाई गई है। अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों को स्ट्रांग रूम के बाहर रूकने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है, जिससे कि वे ईवीएम मशीनों की सुरक्षा देख सके, यह व्यवस्था 3 दिसबंर तक सुनिश्चित रहेंगी।



**सागर, देशबन्धु।** खुरई से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह मतदान दिवस के अगले दिन अपनी रुटीन दिनचर्या में लौटे। उन्होंने बामोरा स्थित कार्यालय में बैठकर क्षेत्र के नेताओं और कार्यकर्ताओं से भेंट की और चुनाव की रिपोर्ट लीं। आम दिनों की तरह श्री सिंह को अपनी समस्याओं को लेकर मिलने वालों का भी सिलसिला जारी रहा।

## मतदान के बाद गोविंद सिंह राजपूत ने परिवार के साथ बिताया समय



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में लगातार तीन-चार माह से सामाजिक सम्मेलन, जनसंपर्क और चुनावी सभाओं तथा मतदान के बाद मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शनिवार का दिन अपने परिवार के साथ बिताया। उन्होंने फोन पर प्रमुख कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए चुनावी समीक्षा की। क्षेत्रवासियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण मतदान होने पर आभार जताते हुए उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दी।

## शांतिपूर्ण व निर्णायक मतदान के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने माना आभार



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के महापर्व पर नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा अभूतपूर्व रूप से भारी मतदान करने पर कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने शांतिपूर्ण व निर्णायक मतदान के लिए सभी मतदाताओं का आभार माना है एवं बूथ प्रभारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं से मतदान केन्द्र वार मतदान की विस्तारित जानकारी ली। कांग्रेसजनों ने कहा कि मतदाताओं द्वारा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में दिया गया यह योगदान मप्र की राजनीति की दिशा और दशा को बदलने में मील का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने नरयावली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक, मण्डलम, सेक्टर व बूथ कमेटियों सहित क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों व पार्टी के संघर्शील साथियों तथा मीडिया के साथियों, मतदान कार्य में लगे शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों व शांति व्यवस्था के लिए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा जनता के उत्साह के साथ शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में सहयोग के लिए उन्हें साधुवाद देते हुए सभी का आभार माना है।

### कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने शहर की जनता को दिया धन्यवाद

**सागर, देशबन्धु।** सागर विधानसभा की जनता को कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन का सादर नमन करते हुए शुक्रवार को सागर की जनता ने जो बढ़ चढ़कर मतदान किया। उनका उत्साह देखते ही ऐसा लग रहा था मानों सागर में कोई बड़ा त्यौहार मनाया जा रहा हो। आप सभी के इस प्रेम स्नेह और आर्शीर्वाद के लिए धन्यवाद एवं आभार माना। क्योंकि सागर विधानसभा में जो शुक्रवार को मतदान हुआ है। वह पिछले 35 साल में अभी तक नहीं हुआ। इसके अलावा जब भी मतदान का प्रतिशत बड़ता है तो सरकार का बदलाव होता है। जिससे लग रहा है कि आपकी मदद से अब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि आगे परिणाम जो भी हो अब हम सबको मिलकर नये सागर के निर्माण में बेहतर से बेहतर कार्य करने हैं और शहर को विकास की राह में आगे बढ़ाना है।

## कलेक्टर ने जिलेवासियों एवं निर्वाचन में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए आभार माना



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुए मतदान एवं मतदान प्रतिशत बढ़ने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने समस्त सागर वासियों एवं निर्वाचन में सलंग्न समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देते हुए, आभार माना है। कहा कि अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा निर्वाचन में ईमानदारी एवं लगन से जो कार्य किया गया, उसी का परिणाम है कि आज जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने उन समस्त मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया है, जो कि 80 वर्ष से अधिक अथवा दिव्यांग थे, जिन्होंने आगे आकर मतदान किया। सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी जो कि निर्वाचन में संलग्न थे और उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया, उनकों भी बधाई एवं आभार कलेक्टर ने दिया है।

# डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या

## विवाद में बीच बचाव करने गया तो आरोपियों ने डंडों से पीटा, अस्पताल में तोड़ा दम



**सागर, देशबन्धु।** राहतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झिला में आपसी विवाद में बीच-बचाव करने गए व्यक्ति की डंडों से पीट पीटकर हत्या कर दी गई। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया गया है। मामले में पुलिस ने 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादी कौशल अहिरवार निवासी ग्राम झिला ने राहतगढ़ थाने में शिकायत की। शिकायत में बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे की मैं अपने घर के पास खड़ा था तभी गांव के वीरेन्द्र अहिरवार अपने परिजन रमेश अहिरवार, दशरथ अहिरवार और मनोज अहिरवार के साथ हाथ में डंडे लेकर आए। वीरेन्द्र से चचेरे भाई राजकुमार अहिरवार की पुरानी एक्सीडेंट व मारपीट की रिपोर्ट को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते उन्होंने मुझे और चचेरे भाई राजकुमार के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। गालियां देने से मना किया तो डंडों से मारपीट करने लगे। विवाद होते देख चचेरे भाई दामोदर अहिरवार आ गए। उन्होंने बीचबचाव करने की कोशिश की। आरोपी दशरथ अहिरवार ने दामोदर पर डंडे से हमला कर दिया। सिर पर डंडा मारा। इसके बाद आरोपियों ने दामोदार पर डंडों से कई बार किए। घटना में आई गंभीर चोटों के कारण दामोदर जमीन पर गिर गया। इसी दौरान संजय अहिरवार और राजा अहिरवार भी आ गए। जिन्होंने दामोदर को लठ से मारपीट की। ग्रामीणों ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया। घायल दामोदर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान दामोदर पुत्र भगवंत अहिरवार उम्र 46 साल निवासी झिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राहतगढ़ थाना पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

फरियादी कौशल की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरेंद्र अहिरवार, रमेश अहिरवार, दशरथ अहिरवार, मनोज अहिरवार, संजय अहिरवार और राजा अहिरवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन ने की समीक्षा बैठक कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया



**सागर, देशबन्धु।** सागर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी शैलेंद्र जैन ने मतदान दिवस के उपरान्त शनिवार को मंडल वार शक्ति केंद्र प्रभारी व पार्षद गणों के साथ बैठक कर चुनावी समीक्षा की बैठक में चुनाव संचालक श्याम तिवारी, विधानसभा संयोजक रामकुमार साहू, सह संयोजक नितिन बंटी शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे, विक्रम सोनी, रीतेश मिश्रा, जगन्नाथ गुरैया उपस्थित रहें। बैठक में सभी ने मतदान के पूर्व के अनुभव सांझा कर वार्ड सह आंकड़ों सहित जानकारी प्रस्तुत की जिसके आधार पर भाजपा कार्यकर्ता सागर में पुन:प्रचंड जीत को लेकर आश्वस्त हैं। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा की भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का सामूहिकता के साथ किये गए परिश्रम की पराकाष्ठा से हम एक प्रचंड जीत प्राप्त करने जा रहे जिसका पूरा श्रेय भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को जाता हैं। बैठक में सभी शक्ति केंद्रो के प्रभारी पार्षद व आपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## परिधान के साथ परिणाम बदल दोगे तो तुम्हारा कल्याण हो सकता है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जो जुड़ता है, अपने आप को जोड़ता है, सबको जोड़ता है, परमात्मा से जुड़ता है, वही वास्तविक भक्त होता है। परिधान के साथ परिणाम बदल दोगे तो तुम्हारा कल्याण हो सकता है। यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा आत्म कल्याण की चिंता उत्तम है, शरीर की चिंता मध्यम है, विषय भोगों, काम की चिंता अधम है परंतु पर की चिंता अधमाधम है। सर्वप्रथम अपना कल्याण करना चाहिए। एक व्यक्ति गुटका, शराब आदि बुरी वस्तुओं का सेवन शौक के लिए करता है और दूसरा मनुष्य टेंशन व परेशानी में, आदत से मजबूर होकर सेवन करता है लेकिन बीमारी दोनों को होती है और अस्पताल दोनों जाते हैं ऐसे व्यक्तियों को देखकर, आप ऐसी वस्तुओं का सेवन न करें जिस कारण आपको अस्पताल जाना पड़े। उन्होंने कहा उदास चेहरों एवं दुखी व्यक्तियों को देखकर मुझे ज्ञात हो गया कि संसार में दुख ही दुख है, सुख नहीं है, इसलिए मैंने ग्रहस्थ जीवन त्याग करके साधु जीवन को अपनाया है अर्थात उन्होंने दूसरों के गिरते हुए उदासीन जीवन को देखकर अपना जीवन सुधार लिया है क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा जिस प्रकार आप स्कूल व कोचिंग का होमवर्क, पढ़ाई बच्चों को कराते हैं, वैसे ही प्रतिदिन बच्चों को धार्मिक पुस्तकों की दो-चार लाइन भी याद करानी चाहिए। लौकिकता के साथ माता-पिता व परिवार जनों को बच्चों को धार्मिक क्रियाकलाप, स्त्रोत, धर्म सिखाएंगे तो बच्चे कुछ ही वर्ष में विद्वान बन जाएंगे और माता-पिता को भी ज्ञान हो जाएगा। ऐसा प्रत्येक परिवार में अवश्य होना चाहिए ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी धार्मिक संस्कारों से ओतप्रोत हो सके।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने रात्रि में लौटी मतदान दलों से की मुलाकात



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतदान को संपन्न कराने के बाद स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में 8 विधानसभा क्षेत्र के 2118 मतदान दलों के अधिकारी कर्मचारियों से मुलाकात की। जब रात्रि में मतदान दल सामग्री के साथ स्ट्रांग पहुंचे, उस समय कलेक्टर वहीं मौजूद थे। उन्होंने उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, तहसीलदार दुर्गेश तिवारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कमलनाथ का जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी ने हर्षोल्लास के साथ मनाया



**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में समस्त कांग्रेस जनों ने हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर दीवारी गायन की सोहवतो के नृत्य एवं गायन ने उत्साह भर दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार, पूर्व विधायक सुनील जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक श्रीवास्तव, कमलेश बघेल, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित, हीरालाल चौधरी, रमाकांत यादव आदि ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया।

# डॉ. गौर के संकल्प से आलोकित है बुंदेलखंड: कुलपति



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक महान शिक्षाविद एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 154 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 20 से 26 नवंबर तक गौर उत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के सम्मेलन कक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि सागर शहर में डॉ. गौर की जयन्ती उल्लासपूर्वक मनाई जाती है। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय भी सप्ताह भर अपने पितृ पुरुष की जयन्ती को उत्साहपूर्वक एक उत्सव के रूप में मनायेगा। डॉ. गौर सागर की धरती पर पैदा हुए थे और उनके महान संकल्पों के कारण यह विश्वविद्यालय स्थापित हुआ। उनकी प्रेरणा से यह विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। हम सभी उनके ऋणी हैं। उनके संकल्प और सपनों को साकार करना हमारा दायित्व है। गौर उत्सव को यादगार बनाने के उद्देश्य से पूरे सप्ताह कई अकादमिक सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। आयोजन की जानकारी साझा करते हुए कहा कि छात्र और शिक्षक विश्वविद्यालय के मुख्य स्तम्भ होते हैं। इसीलिये इस उत्सव में विश्वविद्यालय से जुड़े पूर्व छात्रों और पूर्व शिक्षकों के सम्मान का कार्यक्रम भी रखा गया है। 26 नवम्बर को आयोजित मुख्य समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैया लाल बेरवाल कुलाधिपति, डॉ.हरीसिंह गौर विवि करेंगे। इस कार्यक्रम में विवि के पूर्व कुलपति प्रो. संतोष कुमार को गौर गौरव, पूर्व छात्र एवं पूर्व निदेशक, भारतीय परमाणु प्रभाग हैदराबाद पीएस परिहार को गौर रत्न एवं पूर्व शिक्षक प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं कुलपति, महात्मा गांधी केन्द्रीय विवि, मोतिहारी, बिहार को गौर मणि से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समन्वयक प्रो. पीके कठल ने गौर उत्सव के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल ने किया। आभार सह समन्वयक प्रो. जेके जैन ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. एसपी गादेवार, समर्थ दीक्षित मौजूद रहे।

### गौर जयंती पर आकाशवाणी से होंगे विशेष प्रसारण

गौर जयन्ती की पूर्व संध्या 25 नवंबर सायं 6 बजे कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के उद्बोधन का आकाशवाणी सागर से विशेष प्रसारण होगा। वार्ता के पश्चात गौर गीत का प्रसारण होगा। इसी क्रम में 20 से 26 नवम्बर तक प्रतिदिन आकाशवाणी सागर से डॉ. गौर पर जिंगल घर-घर ज्ञान का दीप जलाएं का प्रसारण किया जायेगा।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।